COMMEMORATION VOLUME

in honour of

Dr. S. N. Ratanjankar

1961

EDITORIAL BOARD

Shri **G. J. Ambardekar,** B.A., LL.B.

Shri **P. N. Chinchore,** M.A., M.Mus.

Shri **S. C. R. Bhat,** B.Mus.

Shri **C. R. Vyas,** B.Mus.

Shri **K. G. Ginde,** M.Mus.

Published by : K. G. GINDE, on behalf of Dr. Ratanjankar's 61st Birthday Celebrations Committee, Janaki Niwas, 162 Babasaheb Ambedkar Road, Dadar, Bombay-14 and Printed by B. G. DHAWALE at Karnatak Printing Press, 542BC, Girgaum Road, Chira Bazar, Bombay-2.



DR. S. N. RATANJANKAR

DR. B. V. KESKAR
Union Minister for Information and Broadcasting

सत्यमेव जयते

MINISTER

INFORMATION & BROADCASTING

INDIA

This Volume is a tribute to the signal services rendered by Pandit Shrikrishna Narayan Ratanjankar to the cause of Indian music.

The revival of music in India has been parallel, to some extent, to the national revival in the political and economic fields. The vacuum created during the days of British rule by which most of our cultural activities suffered a great set-back, had stifled music to such an extent that it was on the point of extinction. In Hindustani music, the work of Bhatkhande and Paluskar started the great revival.

Pandit Ratanjankar had the privilege of learning music from Pandit Bhatkhande. He also had the great benefit of practical guidance and help of the late Ustad Faiyaz Khan in the practical art of concert music. He is himself a scholar of Sanskrit and has made a deep study of the history and theory of Hindustani and, to some extent, of Karnataka music.

In Hindustani music world we have few, in fact hardly any, Vidwans who are well up in both the theory and the practice of music. In fact, there is a prevalent notion amongst musicians that theory has no practical value. This is probably the result of generations of performing musicians who had no knowledge of Sanskrit and, therefore, lost touch with the basis of our music. In fact, there can hardly be any music without its theory and base and also its historical background.

Because of the want of this essential background knowledge of theory and history and also an absence of general culture amongst performing musicians, music has suffered a double draw-back. Its stature in society has been lowered to an inferior position than other arts and the necessity of music as a part of general culture in society has not been able to impress the educated classes. There has been a tendency to confound the present position of musicians with the status of music in society. It is essential to have a general culture and a knowledge of the theory and history in order to become a really complete and first-class musician. In Karnataka music we will generally find it so. It is unfortunate that in

the North in Hindustani system this is the exception and not the rule. Unless this becomes the rule, music will fail to get its due position in our society.

Pandit Ratanjankar is one of those rare exceptions who have the highest cultural achievements, who is a great Vidwan and, at the same time, is a first-class performing musician. He has devoted his life to music and its propagation with a single-mindedness and at a great personal sacrifice. This has been his 'tapasya' and I am sure that the coming history of music will benefit by his devotion and his work.

I hope he will live long to give the benefit of his experience, both theoretical and practical, to the growth of Hindustani music.

B. V. KESKAR.

New Delhi,
December 16, 1961.

I

DR. RATANJANKAR

पद्मभूषण श्रीकृष्णनारायणरातंजनकरमहोदयस्य भूतपूर्वोपकुलपतेर्मुम्बापुरीस्थस्य
षष्ट्यब्दिपूर्तिसमारम्भे—

दीपस्तम्भदर्शनम्

[रचयितास्येत्थं प्रार्थयति नः क एतां रचनामत्र सुलभामकरोन्नर इति। " गजाननः सिद्धिदाता नृदेही नात्र संशयः " इत्यस्माकं निवेदनम्। अस्तु।

इन्दूरस्थो महोसमविद्यालयभूतपूर्वः प्राध्यापकः काव्यतीर्थस्साङ्ख्यतीर्थः षड्दर्शनतीर्थ इत्युपाधित्रयमलंकुर्वन् श्रीमत्करमलकरेत्युपनामको रामचन्द्रात्मजो गजाननशास्त्र्यस्य रचयिता। अपि च

इन्दूरपीठमारूढो गजाननः सुविश्रतः।
गीर्वाग्विद्याधरो वन्द्य आचार्याणां शिरोमणिः॥

कलाकलापमर्मज्ञः प्रसाद्यः सुस्वरैः सदा।
रसिकः काव्यरचनाकौशल्ये विलसद्गतिः॥
मकरन्दरसास्वादपटु भ्रमरवन्मुदा।
ललते रागशृंगारे संस्फुरयति गायकम्॥
' **क**ल्याणं ', ' स्वस्ति ' भवते, इति वाक्यैः प्रसीदति।
रसरागलयग्राही गानभक्त्यामतंद्रितः॥ .... *संपादक*]

श्री **हे** रम्बकृपान्वितं सुयशसं संगीतसंशोधनात्
सं **प्र** ज्ञं वर " पद्मभूषण"मिति श्रीमत्पदव्यङ्कितम्
सं **भो** क्तु कृतनिश्चयं ह्यपि सदा सारस्वतं वैभवम्
सं **प** त्तिश्चपलापि नात्यजदहो ! त्वां सत्पतिं वा सती १
स **द्म** न्यत्र सरस्वती प्रियतमे संगीतशास्त्रे चिरम्
सं **भू** याद्यसुहृद्वरा निवसतश्चानन्दमग्नस्य ते
श्री **ष** ष्ट्यब्दिसमुत्सवं विदधतः कर्तव्यबुद्ध्या मुदा
प्रा **ण** न्यात्मकृतिं प्रमादरहितां ज्ञात्वा कृतार्था इमे २
हे **श्री** कृष्ण ! गुणाढ्य ! सुस्वरपटो ! नारायणस्यात्मज ?
सं **रा** वेण जनस्य चित्तहरिणं ते स्तब्धमातन्वतः
पू **तं** सुस्वरतालबद्ध मधुरं गानं सुश्रुण्वन्ति ये
सं **ज** ल्पन्ति मुदा सुतृप्तहृदया धन्योऽसि धन्योऽसि ते ३
आ **न** म्रो गुणगौरवेण सततं मानेन नित्योन्नतः
त्वं **क** र्तुं गुणिगायकस्य विपुलं मानं सदा तत्परः
भा **रं** वोढुमिहोच्च गायनकला देव्या महान्तं सदा
स्वे **चि** त्ते बटुमूर्तिरप्यभयवान्सर्वत्र संस्तूयसे ४
नी **रं** गाङ्गमथाम्बुयामुनपि स्वालोड्य हंसो यथा
सं **र** क्षन्निजशुभ्रतां भवति नो कृष्णो न शुभ्रोऽधिकः
अ **क्ष** य्योच्चकलाढ्य गायकगणे त्वं हिन्दुमुस्लीमयोः
चा **तु** र्याद् भुवि राजसे गतभयः सारस्वतः पण्डितः ५

मुष्टिमिताः पृथुकाः

षष्ट्यब्दिर्वयसोऽपि तत्र बहुशोऽस्ति त्वं गुणानामपि
प्राज्ञैर्नित्यमपेक्ष्यते न तु वृथा वृद्धत्वमुच्छुष्कता
संगीते तु विशिष्टकार्यकरणाद् योग्या तवार्चा ह्यसौ
एरण्डो न तु पूज्यते बृहदपिन्हस्वेक्षुदण्डो यथा १

लोके सद्गुणसंग्रहं तु सरघा तुल्या अनेके परम्
कुर्वाणा स्वगुणं स्वभक्तजनगं सन्तो यथा दुर्लभाः
त्वं विष्णोर्गुरुतः परस्वसुरवदां संगीतशिक्षां चिरम्
लब्ध्वाऽनेक सुशिष्यसात् सुविदधद् धन्योऽस्यतः पूज्यसे २

निष्णाताः सुजना उदारमनसः शास्त्रे सुगाने च ये
तेभ्यो गानकलास्थमर्म पठितुं चासेवथास्ताँश्चिरम्
गर्विष्ठान् बलिनस्तु तान्नमयितुं व्याप्तं त्रिलोकीं तथा
मन्ये वामनरूपमेतदधरस्त्वं गुप्तसामर्थ्यभृत् ३

त्वं सर्वत्र परीक्षितुं प्रगतवान्तत्संगीत विद्यार्थिनः
वात्सल्येन सुतैस्तु तैः सुपितृवत्ते वर्तनं सर्वथा
नैजी छात्रदशा न विस्मृतिमगाद् मन्ये, तदानीं तव
त्वत्तल्यः सुपरीक्षको न भविता भूतो भवत्यत्र वा ४

त्वं केनापि कदापि कुत्रचिदपि प्रेम्णा समामन्त्रितः
गत्वा तत्र सुचित्तरञ्जनकरं बोधस्व कर्तव्यदम्
संगीतं विविधं सुशुद्धमतुलं चाश्रावयश्चाथवा
श्रीकृष्णः सुहृदर्जुनाय किमदाद्गीतोपदेशाधिकम् ५

चन्द्रशेखरप्रणीतः

श्रीकृष्णनारायणस्तवराजः

(श्रीमद्रातंजनकरोपाह्व नारायणसुत श्रीकृष्णस्य पद्मभूषणविरुद भूषितस्य सैकषष्ट्यब्दसमारोहावसरे श्रद्धाबहुविनयपुरस्सरं समर्प्यते तस्यान्तेवासिना पन्तोपनामकेन चन्द्रशेखरेण)

[श्री चन्द्रशेखरपंत, एम्. ए. संगीतविशारदश्च । यो गीर्गंगाञ्च नादाब्ध्युत्थितं चन्द्रं स्वशेखरे । वहन् नित्यं ब्रह्मनिष्ठः पंतवंशोद्भवः शिवः ॥ पंत इत्युपनामधेयश्चन्द्रशेखरः सदैव नादब्रह्मचिंतनमग्नो धीरगंभीरः सदाशिवोऽपरः प्रतिभात्ययम् ।

हिमाचलप्रदेशस्थकुमाऊंस्थल्यन्तर्गताल्मौडानगरवासी ब्रह्मकुलमलंकरोति । एम्. ए. इत्युच्चोपाधियुतो गीर्वाग्विदग्धः सन् संगीतशास्त्रेऽपि च संगीतकलायां प्राक्काममधिकारभागयम् । बाल्यकाले प्रयागतीर्थे श्रीसत्यानन्द जोशीतिशुभनामस्वकीयमातुलात्तथा श्रीमत्कशाळकराभिधगायकवरसकाशात् संगीतशिक्षां गृहीत्वा तत्पश्चाल्लक्ष्मणपुरस्थभातखंडेसंगीतमहाविद्यालयेऽपि श्रीमद्रातंजनकरात्संगीतशिक्षां प्राप्य बाणाग्न्यंकेंदुमित खिस्ताब्दे भांतखंडेसंगीतविद्यापीठप्रदत्तां " संगीतविशारदः " इत्युपाधिं तथा भातखंडेसुवर्णपदकं समपादयत् । तदनन्तरं लक्ष्मणपुरविश्वविद्यालये वर्षचतुष्टयावधि संशोधकशिष्यवृत्तिधरोऽभवत् प्राचीनसंस्कृतसंगीतग्रन्थवस्तुसंशोधनकार्यं चाकरोत् । संप्रति देहलीविश्वद्यालयस्य संगीतविभागे संगीताचार्यपदे नियुक्तः संगीताध्यापनकार्यं कुर्वन्नपि च यथासमयं भारतीयाकाशवाण्यां ध्रुवपद – धमार गायनेन संगीतसेवां संपादयति । —*संपादक*]

। श्रीरस्तु ।

नारायणं नमस्कृत्य कृष्णं विष्णवंशसंभवम् ।
सश्रीकं विनयैः साकं स्तवराजःसमर्प्यते ॥

महाराष्ट्रेषु वंशोऽस्ति ब्रह्मणां भुवि विश्रुतः ।
चित्पावनाभिधानोऽत्र विष्णुर्नारायणः स्वयम् ॥
अंशावतारं जगृहे गीतमुद्धर्तुकाम्यया ।
प्राच्यपाश्चात्यसंगीत लक्ष्यलक्षणवारिधिं ॥
योऽगाधबोधमन्थेन निर्मथ्यातिप्रयत्नतः ।
हिन्दुस्थानीयसंगीतपद्धतिं ह्यददीधरत् ॥
शिक्षितेषु प्रचारार्थमस्याः संगीतपद्धतेः ।
शिक्षकान्सुगुणाढ्यांश्च मार्गितुं स प्रचक्रमे ॥
अथैकै गुणसम्पन्नं गुणिनामग्रगामिनम् ।
कृतकृत्यमिवात्मानं मेने प्राप्य सुशिष्यकम् ॥

श्रीकृष्णो गुणसिन्धुरद्भुतमतिर्नारायणांशो नरः ।
विष्णोर्भारतखण्डमण्डिततनोस्तेजोंऽशुभिः शोभितः ।
गान्धर्वाम्बुधिबोधदीधितितनू रातंजनेऽवातरत् ।
त्रातुं गीतसरस्वतीं क्षततते र्वाग्गेयकारो वरः ॥

ख्रिस्ताब्दे नवपूरिते नवतिभृत्यष्टादशेऽत्यद्भुते ।
मासे द्वादशके तथा दिवसकेऽप्येकोत्तरत्रिंशति ।
यस्याभूज्जनिमा नृसिंहसदृशो यो देहलीदीपवद् ।
वाचं गेयमपिप्रकाशमनयन्म्लेच्छच्छलं चाच्छिदत् ॥

नारायणाख्यः श्रीकृष्णो विष्णोरंशसमुद्भवः ।
हेलयैव बिभर्तीव गीतगोवर्धनं मुदे ।

बहुजन्मकृताभ्यासात्तपसा पुण्यसंचयात् ।
शिवार्चनाद्ध्यानयोगाच्छारीरं लभ्यते नृभिः ॥
तत्सुशारीरसंपन्नो रातंजनकरोऽञ्जसा ।
प्राच्यपाश्चात्य शिक्षासु दीक्षितः स्फूर्तिमन्मतिः ॥
तमेनं भातखण्डे च विष्णुर्नारायणः स्वयम् ।
नादवेदस्य संपद्भिः सप्रक्रियमयूयुजत् ॥
पुनः फैयाजखानादेः सकाशं गन्तुमैरयत् ।
रागगीतेः परिष्कारकरणार्थमतन्द्रितम् ॥

यद् ग्रंथे लभ्यते ज्ञानं क्रियाशीलेषु लभ्यते ।
या प्रक्रिया रहस्यं यत्तेन सर्वेण भूषितः ॥
राज्यसंभारकुशलाः पद्मभूषणभूषया ।
तमेनं समलंचक्रुरुपाधिं चक्रिरेऽप्यलम् ॥

हिंदुस्थानीयसंगीतपद्धतेर्गुरुसंपदः ।
रक्षणाय रिरंसायै जरी जागर्त्यहर्निशम् ॥

विष्णुं नारायणं ख्यातं गुरूणां गुरुतां गतम् ।
गीतपुष्पोपहारैश्च समुपास्ते स नित्यशः ॥

ख्याल–ध्रुवपदव्रात–धम्मार–स्वरमालिका– ।
तराना–भजनाख्यैश्च राष्ट्रगीतैस्तथा परैः ॥
प्राकृतैः संस्कृतैश्चापि सुपदैरुपबृंहितैः ।
स्वरैस्तेनैस्तथापाटैर्विरुदैश्च मनोहरैः ॥
तालैरोत्तरकार्णाटगीतपद्धतिगोचरैः ।
पदक्रमैरिव निजैस्त्रिलोकीं स नवैः पदैः ।
समुद्यतो विक्रमितुं श्रीकृष्णो वामनायते ॥

गातारो बहवः सभाजयपराः सन्त्येव चान्ये भुवि ।
धातूनां विनियोजनेषु कुशलास्ते मातु मन्दाः पुनः ।
यस्यैका नवधातुमातुषुसमाऽप्यव्याहताऽभूद्गतिः ।
तस्याहो ननु सेव्यतामभिनवा गीतोत्तरामञ्जरी ॥

सर्वे संगीतरसिकः श्रुण्वन्तु वचनं मम ।
नवायां गीतमञ्जर्यां भृङ्गायध्वं न किं भृशम् ॥

सोऽयं श्रीकृष्णवर्यश्च शिष्यैर्विनयशालिभिः ।
श्रद्धाभक्तियुतैः संप्रत्यतिप्रीत्या कथं खलु ॥
पूज्येतेति न जानीमो यतो मन्दधियो वयम् ।
न हि विद्याबलं नापि प्रचुरा धनसंपदः ।
त्वामेव केवलं विद्धः कृष्ण ! रातंजनाकरम् ॥
यद्वा प्रभूतसंपद्भिर्मीभूदस्मत्प्रयोजनम् ।
त्वमेव कृष्ण यस्मान्नः संपदां परमं पदम् ॥

षष्ट्यब्दानां परं पारं यातः क्व खलु यास्यसि ।
यदि यास्यसि जानीमः स्वशिष्यमनसामपि ॥

मातौ वा सुकुमारसंपदि दृढस्थायग्रहंग्रन्थिले ।
धातौ वा त्वयि संविधातरि समं लीलायते भारती ॥
भाषाभिः श्रुतिभिः स्वरैः सुविमलै रागैश्च रागांगकैः ।
तालैर्वा यतिवृन्दयोग सुलयैस्त्वं सांप्रतं नो गुरुः ॥

रातंजनेभ्यः श्रीकृष्ण ? संगीतसुकरीकृतम् ।
रातंजनकरस्तस्मात्त्वं सुनाम्ना प्रकाशसे ॥

सकलरसिकपूज्यं पद्मभूषासमाढ्यम् ।
स्वरलयमयनाना रागरङ्गाधिनाथम् ।
चतुरचतुरशिष्यं शिष्यगोपालपालम् ।
नरवरमिह वन्दे नादवृन्दावनेन्द्रम् ॥

स्वैरं स्वैरं रागवृद्धिं विधत्ते ।
कामं कामं गीतिबोधं च सूते ।
कस्मै कस्मै किं न किंवापि दत्ते ।
नित्यं श्रद्धाशालिनी कृष्णभक्तिः ॥

एवं विधाय विबुधप्रियवाग्विधानैः ।
श्रीकृष्णबोधजलधेस्तरणाय सेतुम् ।
श्रीचन्द्रशेखरमतिर्निरतास्तु कृष्णे ।
सेयं वसन्ततिलका तिलकयतांच ॥

हरिः ॐ तत्सत् श्रीकृष्णार्पणमस्तु

इंदिरा-कला-संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के प्रथम उपकुलपति श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर

लेखक : **श्री. अरुण कुमार सेन,**
एम्. ए. साहित्यरत्न, धर्मविशारद, संगीत निपुण, रायपूर.

[श्री. अरुण कुमार सेन रायपूर-स्थित कमला देवी संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य हैं। उन्होंने नागपूर विश्वविद्यालय की एम्. ए., भारखंडे संगीत विद्यापीठ, लखनऊ, की 'संगीत निपुण' के अतिरिक्त 'साहित्यरत्न' एवं 'धर्मविशारद' उपाधियाँ भी ग्रहण की हैं। आप गत वर्ष से इंदिरा कला संगीत विश्व-विद्यालय के 'डीन' के पद पर नियुक्त हुए हैं। आप 'उत्तर भारतीय संगीत का ऐतिहासिक विवेचन,' जो कि पं. भातखण्डेजी के "Short Historical Survey of Music of Upper India" नामक पुस्तक का हिन्दी अनुवाद है, एवं 'रानी दुर्गावती' नामक हिन्दी नाटक आदि पुस्तकों के लेखक हैं। आपके संगीत-विषयक लेख अनन्य नियत-कालिकों में प्रसिद्ध हुए हैं। आप विभिन्न बोर्ड एवं विश्वविद्यालयों के परीक्षक तथा मध्य प्रदेश के अन्य सांस्कृतिक संस्थाओं के सदस्य भी हैं।— *संपादक.*]

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की स्थापना भारतीय संगीत की एक ऐतिहासिक घटना है, क्यों कि संविधान के आधार पर सर्वप्रथम मध्यप्रदेश विधान-सभा का ही इस विश्वविद्यालय की स्थापना का श्रेय सम्पूर्ण भारतवर्ष में प्राप्त हो सका। इं. क. सं. वि. एक्ट क्र. XIX १९५६ भारतीय संगीत के इतिहास का इसी हेतु एक अभूतपूर्व स्मरणीय पृष्ठ है। और श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर इस अभिनव विश्वविद्यालय के प्रथम महान उपकुलपति हैं।

इस विश्वविद्यालय को क्रियात्मक रूप देने का श्रेय स्व. पं. रविशंकर शुक्ल, मुख्य मंत्री, मध्यप्रदेश, को है जिनके हृदय में एक स्वप्निल चित्र इस विश्वविद्यालय का बन चुका था, जिसे आदरणीय रानी पद्मावती व राजा साहब खैरागढ़ ने राजमहल व अन्य उपकरण दान में देकर साकार किया।

मुझे वह बात की याद है जब स्व. पं. शुक्ल ने इस विश्वविद्यालय के प्रथम उपकुलपति के लिये मुझसे विचार-विमर्श शुरू किया था। यद्यपि वे संगीत के जानकार नहीं थे पर संगीत संसार की गतिविधि से परिचित थे और जब श्रद्धेय रातंजनकरजी का उल्लेख उस बारे में किया गया तो वे बडे उत्फुल्ल हो गये। उन्होनें तुरन्त विश्वास कर लिया कि वे ही इस उत्तरदायित्व-पूर्ण पद के लिये सर्वथा योग्य हैं। लखनऊ छोड़कर उनके एकाएक खैरागढ़ आने की बात पर मुझे शंका थी क्यों कि भातखंडे संगीत विद्यापीठ एवं भातखंडे संगीत महाविद्यालय, लखनऊ, का क्रमिक विकास-कार्य उनके जीवन का व्रत बन गया था। मेरी शंका के संबंध में श्री. शुक्लजी का ख्याल शायद यह था कि श्री. रातंजनकरजी संगीत के पथ-प्रदर्शक हैं और भारत के इस प्रथम कला एवं संगीत विश्वविद्यालय को उनकी आवश्यकता है। वे कदापि हमे निराश नहि करेंगे। अंत में आदरणीय रातंजनकर को ही इस महा गौरवपूर्ण पद व साथ ही उत्तरदायित्व लेना पडा। उन्होंने यह पद दि. ५ फरवरी १९५७ को स्वीकार किया और लखनऊ के जनबहुल जीवन से मानों सन्यास लेकर खैरागढ़ की नीखता में

संगीत की प्रतिष्ठा हेतु चले आये। मध्यप्रदेश का संगीत-समाज इस कर्मठ निस्वार्थ योगी की कला–साधना पाकर धन्य हुआ।

सौभाग्यवश इस विश्वविद्यालय के निर्माण काल से ही मेरा इससे घनिष्ट सम्पर्क रहा है, इसलिये विश्वविद्यालयीन गतिविधि व आदरणीय रातंजनकरजी के ठोस रचनात्मक कार्य-कलाओं को अंतरंग रूप से जानने व समझने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ है। आ. रातंजनकरजी एक ऐसे विश्वविद्यालय के उपकुलपति थे जिसके लिये कोई दूसरा दृष्टांत ही नहीं था। भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण सभ्य जगत में इस विश्वविद्यालय के समान कोई संस्था का निर्माण सम्भव न हो सका था। संगीत क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर कार्य करने वाली कुछ संस्थाएँ अवश्य थीं किंतु संविधान की धारा से शासकीय स्तर पर अनुदानित ऐसा कोई विश्वविद्यालय नहीं था।

इन समस्याओं के होते हुए भी आ. रातंजनकरजी ने दृढता से इस विश्वविद्यालय की स्वस्थ प्रगति के लिये भगीरथ प्रयत्न किये – एवं "विश्वविद्यालय धारा" के नियमों की रक्षा करते हुए उन्होंने रचनात्मक कार्यक्रमों की व्यवस्थित परम्परा इस विश्वविद्यालय में स्थापित की। विश्वविद्यालयीन विधिविधात आदि की जटिलता का सम्यक अध्ययन कर उचित कार्यों का सम्पादन करना एक सुयोग्य कलाकार ही नहीं वरन एक सुयोग्य विधि-व्यवसायी का क्षेत्र था और आ. रातंजनकरजी ने अपने जीवन भर के अनुभवों का निचोड इस विश्वविद्यालय की जड में डाल दिया।

कार्य-काल में मैंने चिंतनशील व व्यस्त रातंजनकर जी को बडे समीप से देखा व समझा है। वे बडी गहराई से हर तत्व का स्वयं अध्ययन कर ऐसे निष्कर्षों पर पहुँचते थे, जिनसे संगीत का वास्तविक कल्याण सम्भव हो सके। फिर इस दिशा में निर्णय आदि लेते समय उन्हे कभी कभी बडा मानसिक क्लेश होता था, क्यों कि अपने पथ का अपने ही विवेक-बुद्धि व आन्तरिक प्रकाश से उन्हे स्वयं निर्माण करना पडता था। दूसरे विश्वविद्यालयों से इस विश्वविद्यालय का रूप पूर्णरूपेण भिन्न होने के कारण कई बातों में बडी सावधानी से आदेश देने पडते थे। आ. रातंजनकरजी की ही योग्यता थी जो विश्वविद्यालय का मार्ग क्रमशः प्रशस्त होता गया। कभी कभी केवल कुछ ही घंटों का अवकाश लेकर दिनरात अक्लांत परिश्रम उन्होंने किया।

किसी भी ज्ञान का परिरक्षण व शोध कार्य बिना आर्थिक बल के सम्भव नहीं होता। विश्वविद्यालय की आर्थिक समास्याओं के साथ आ. रातंजनकरजी की उदात्त कर्तव्यपरायणता व बहुमुखी संकल्पों का समन्वय नहीं होता था। प्रांतीय शासन से केवल एक लाख रुपया प्रतिवर्ष इस विश्वविद्यालय को मिलता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जो भारत के समस्त विश्वविद्यालयों को विविध कार्य-कलाओं के लिये अनुदान देता है, इस विश्यविद्यालय के हेतु मौन रहा है। जिनकी कल्पना का यह विश्वविद्यालय साकार रूप था, वे. पं. शुक्ल भी विश्वविद्यालय के प्रारम्भिक काल में ही दिवंगत हो गये। अधिकारियों में भी सब की सहानुभूति इस विश्वविद्यालय को प्राप्त न हो सकी। ललित कलाओं के लिये विश्व-विद्यालय की रूप-रेखा को ही कुछ तथाकथित विद्वज्जनों ने संदिग्ध दृष्टि से देखा। इस विषम परिस्थिति में आ. रातंजनकरजी का व्यक्तित्व और भी निखर उठा और विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु उन्होंने ५०० रु. प्रतिमाह और कभी उससे भी अधिक द्रव्य विश्वविद्यालय को अपने वेतन से दे दिया। उनके इस दान की महानता से कार्यकारिणी के सब सदस्य परिचित नहीं है, क्योंकि उनका यह आर्थिक सहयोग सदा प्रचार से दूर रहा और जननी के दुग्ध के समान गोपनीय रहकर विश्वविद्यालय शिशु का पोषण करता रहा।

मध्यप्रदेश के छत्तीसगढ क्षेत्र की सांगीतिक जन-चेतना भारत के अन्यान्य क्षेत्रों की तुलना में बहुत कम रही है। महाकोशल में बहुत कम संगीत संस्थाएं कार्य कर रही हैं, जिन्हें प्रारम्भिक मान्यता एक प्राथमिक शाला के रूप में दी गई थी। आ. रातंजनकरजी के परिश्रम का ही यह परिणाम है कि आज केवल प्रांतीय सरकार ही नहीं अपितु भारत सरकार ने इन्हे महाविद्यालय के रूप में मान्यता दी है। यह आदरणीय रातंजनकरजी

. . . 9 . . .

की प्रेरणा थी कि भारत शासन, शिक्षा मंत्रालय से सर्व-प्रथम यह संगीत महाविद्यालय को एक विराट रंगशाला निर्माण हेतु ३५००० रु. का अनुदान प्राप्त हो सका। प्रथम उपकुलपति के नाते खैरागढ़ की शैक्षणिक सीमाओं का पर्यवेक्षण कर उन्होंने ऐसी छात्र-वृत्तियों की योजना की, जिनसे सीलोन आदि दूर दूर से संगीत-छात्र खैरागढ़ आये। यातायात, ठहरने आदि की कठिनाइयां के बावजूद भी माने हुए विद्वज्जन व भारतीय संगीत–समाज खैरागढ की ओर आकृष्ट हुआ। यह एकमात्र रातंजनकरजी के प्रभावपूर्ण व्यक्तित्व का परिणाम था। निश्चित अवधि से ६ मास अधिक रहकर उन्होंने इस विश्वविद्यालय की भित्ति इतनी दृढता से स्थापित कर दी कि अब उसका सुयोजित पथ पर अग्रसर होना शासन और जनता की सक्रिय सहानुभूति से संभव हो सकता है।

आ. रातंजनकरजी ने संगीत के साथ साथ अन्यान्य ललित कलाओं के योग्य अध्यापन व शोधकार्यों के लिये भी विश्वविद्यालयीन स्तर पर बडा कठोर परिश्रम किया है। उनकी विस्तृत योजनाओं को कार्यान्वित कर प्रान्तीय व केंद्रीय शासन अवश्य ही लाभान्वित हो सकते हैं। प्रारम्भिक अवस्था में इन योजनाओं में निःसंदेह पर्याप्त आर्थिक सहायता आवश्यक है किन्तु आगे चलकर इन योजनाओं से उपलब्ध कलात्मक कृतियाँ से इतना द्रव्य देश व विदेश से प्राप्त हो सकेगा, जो इन योजनाओं की सम्पूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके।

अंत में यही कहना चाहता हूँ कि किसी भी कला एवं विज्ञान में उच्चस्तरीय ज्ञान देश की महान सम्पत्ति है और उस सम्पत्ति का मूल्यांकन दैनंदिन उपयोगिता के आधार पर कभी सम्भव नहीं। पहले कतिपय महान शासकों के आश्रय में उच्चस्तरीय ज्ञान का यदा-कदा विकास होता था किंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आज इसका पूर्ण दायित्व हमारा सब का हैं। हम सब की सम्मिलित शक्ति व एकात्मता से आ. रातंजनकरजी द्वारा अंकुरित इस विश्वविद्यालय का क्रमशः पल्लवित, प्रस्फुटित रूप भारतीय ललित कलाओं का वास्तविक विकासकेंद्र बन विश्व का विद्यालय बने, यही कामना है।

पद्मभूषण डॉ. श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर

लेखक :—**बालाजी श्रीधर पाठक,** बी. ए., अलाहाबाद

[श्री. बालाजी श्रीधर पाठक का जन्म सागर, मध्य प्रदेशमें सन १९०८ में हुआ। बाल्यकाल से आपने ध्रुपद की शिक्षा आपने पिता से, जो स्वयम् ग्वालियर के प्रसिद्ध ध्रुपदिये स्व. श्री. वामन बुआ के शिष्य थे, ग्रहण की। सन् १९२० से १९२६ तक आपनें माधव संगीत विद्यालय, ग्वालियर, से स्व. प्रिन्सिपल राजाभैया पूछवाले से संगीत शिक्षा प्राप्त की। सन १९२६ में आप मैरिस म्यूझिक कॉलेज, लखनऊ, में शिक्षक नियुक्त हुए। वहींपर डॉ. रातंजनकरजी से उच्च शिक्षा प्राप्त करने का आपको अवसर प्राप्त हुआ। आप सन १९३६ से प्रयाग विश्वविद्यालय में शिक्षक का कार्य कर रहे हैं।

आपने बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय से बी. ए. की उपाधी प्राप्त की है। —*संपादक*]

पद्मभूषण डॉ. श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकरजी के एकसष्टी समारोह के शुभ अवसर पर समर्पित ग्रन्थ के लिये कुछ लिखकर भेजने का आदेश समारोह कमेटी के सदस्यों की ओरसे मुझे हुआ। किन्तु क्या लिखूँ! कैसे लिखूँ! लिखने की आदत तो नहीं। विचार किया इस अवसर पर क्यों न उन्हीं पर (डॉ. रातंजनकर) कुछ लिखकर अपनी श्रद्धाञ्जली अर्पण करूं।

अपने बाल्यकाल के १९२० से १९२६ तक गवालियर के ' माधव संगीत महाविद्यालय ' में गायन की शिक्षा प्राप्त करते समय अनेक बार श्रद्धेय पूज्य गुरुवर्य स्व. पं. भातखंडेजी के मुख से उनके प्रियशिष्य डॉ. रातंजनकरजी के विषय में प्रेमोद्गार सुनने के कारण मुझे उनको मिलने की तथा देखने की तीव्र इच्छा हृदय में विराजमान थी। सौभाग्य से यह अवसर शीघ्र ही मुझे प्राप्त हुआ। सन् १९२४ के ' अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन, लखनौ,' में मुझे कुछ सहाध्यायीयों के साथ हमारे पूज्य गुरुजी स्व. राजाभैय्या साहेब के सौंरक्षता में संम्मिलित होने की विद्यालय की ओर से आज्ञा हुई। उस समय मुझे एक साथ दो सुयोग प्राप्त होने के कारण अत्याधिक आनंद हुवा। एक संगीत सम्मेलन देखने का, जिसकी मुझे कुछ भी कल्पना न थी, दूसरा वहाँ मुझे ,श्री. बाबूराव (डॉ. रातंजनकरजी) जिस नाम से पंडितजी इन्हे पुकारते थे को मिलने का।

लखनौ पहुंचकर जब हम लोग गु. राजभैय्याजी के साथ गु. पं. भातखंडेजी के दर्शन करने उनके निवास-स्थान पर गये, वहाँ एक पाश्चात्य वेषभूषासंपन्न तरुण युवक को पंडितजी के समीप बैठे देखा। पंडितजी के पैर छूकर हम बैठते ही उन्होंने कहा " यह मेरा ' बाबू ' जिसके विषय में मैं तुम्हें ग्वालियर में कहता था "। मैं श्री. बाबू की ओर श्रद्धायुक्त, प्रेम भरे नेत्रों से किन्तु आश्चर्य से देखता ही रह गया। ग्वालियर में तथा उनको समक्ष देखने के पूर्व मैंने अपने हृदय में (कलाकार के नाते) आपका जो चित्र खींचा था तथा वेशभूषा के विषय में अपनी बाल्य-बुद्धि से जो धारणा की थी उससे कहीं भिन्न पाया। डॉ. रातंजनकरजी ने जब स्मितयुक्त प्रेमभरे शब्दों में आत्मिय भाव से हमारे

विषय में हमारे गुरुजी से विचारणा की तथा हम लोगों का परिचय प्राप्त किया, मुझे ऐसा मालुम हुआ जैसे मैं बिछड़े हुवे ज्येष्ठ भ्राता से मिल रहा हूँ।

उस संगीत सम्मेलन में रामपूर, जैपूर, अलवर, धोलपूर, इंदोर, बडोदा, ग्वालियर, महियर आदि राज्यों तथा अन्य स्थानों से अनेक संगीत के धुरंधर, रथी महारथी, भीष्म, द्रोण के समान, कलाकार सम्मिलित हुवे थे। उसमें हमारे मास्टर श्रीकृष्ण (डॉ. रातंजनकर) एक वीर अभिमन्यू के समान, यहाँ वहाँ चमक रहे थे। हर एक कलाकार तथा श्रोतृ समाज में आपका नाम कौतुक, श्रद्धा से सुना जाता था। इसका कारण आपकी संगीत निपुणता के साथ सुशिक्षित (graduate) होना था। सर्व आबालवृद्ध कलाकारों के मध्य आप ही एक ऐसे सभ्य समाज के सुशिक्षित सुयोग्य, वर्तमान पिढी के कलाकार थे जिनकी शालेय शिक्षा तथा कला में एकसी योग्यता थी। यह उस समय एक कुतूहल, आदर तथा अभिमान का विषय था। उस सम्मेलन में मुझे तथा मेरे सहाध्यायी मित्र श्री. गोविंद नारायण नातू को डॉ. रातंजनकर जी के साथ तानपूरे लेकर गाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उस समय आपने गाये हुवे राग, देसी तथा भीमपलासी, की ध्वनि आज भी स्मरण आते ही मेरे कान में गूंज उठती है, तथा हृदय पुलकित हो जाता है।

सन १९२६ में ग्वालियर की शिक्षा समाप्ती के पश्चात् मैं ने पूज्य पंडित जी को बम्बई में पत्र लिखकर उनके पास उच्च शिक्षा ग्रहण करने की इच्छा प्रगट की। उसके उत्तर में उन्होंने मुझे जो आज्ञा की उससे उनका अपने प्रिय शिष्य की कला की योग्यता पर कितना विश्वास, कितना संतोष था, यह स्पष्ट रूप से प्रकट हो जाता है। पंडित जी ने मुझे लिखा था "मैं गायक नहीं, मेरा कंठ तैय्यार नहीं, तुम्हें मेरे पास आने से कोई लाभ न होगा। तुम्हें किसी अच्छे कलाकर के सान्निध्य में रहकर तालीम लेना चाहिये। उसके लिये तुम्हें लखनौ जा कर श्री. रातंजनकर के पास अध्ययन करना चाहिये; वे ही सुयोग्य व्यक्ति है जो तुम्हें साहायता कर सकते हैं।

सौभाग्य से यह मेरी इच्छा शीघ्र ही पूर्ण हुई। इसी वर्ष पूज्य पंडितजी ने मुझे लखनौ मॅरिस म्यूझिक कॉलेज में शिक्षक के रूप में बुला लिया।

मुझे गुरुवर्य पूज्य स्व. पं. भातखंडेजी तथा डॉ. रातंजनकरजी के साथ लखनौ में पांच छै वर्ष एक ही भवन में रहने का सुअवसर प्राप्त हुवा। इस अवधि में मेरी डॉ. रातंजनकरजी से घनिष्टता संपन्न हुई, जिस कारण आपके व्यक्तित्व, आपका संगीत क्षेत्र में अधिकार, आपका स्वभाव, शिक्षापद्धति आदि बातों का पूर्ण परिचय हुआ। उसीके आधार से संक्षिप्त में अपनी योग्यतानुसार वर्णन करने का प्रयास कर रहा हूं। मैं करीब ९।१० वर्ष लखनौ रहा। उस काल में मुझे आपकी गुरुश्रद्धा गुरुभक्ति कितनी अटल है इसका अनेक बार साक्षात्कार हुआ। डॉ. रातंजनकरजी ने लखनौ में पंडितजी के आज्ञा के ही कारण करीब तीस वर्ष तक निरपेक्ष अल्पवेतन पर सेवा की। वर्तमान समय के पाश्चात्य शिक्षा तथा सुधारक समाज में इतनी गुरु-भक्ति विरले ही लोगों में दिखाई देगी। लखनौ की संस्था स्थापित होने के पश्चात २०।३० वर्षों तक आपने स्वयं को उसे अर्पण कर दिया। संस्था के ही कारण आपने गृहस्थी-जीवन को पूर्ण रूप से नहीं अपनाया। संस्था के आर्थिक संकट के समय आपने अल्पवेतन पर कार्य किया, किन्तु इस विषय में कभी भी आप असंतुष्ट नहीं दिखाई दिये। आपसे शिक्षा गहण करने के हेतु समस्त भारत अपितु सीलोन बर्मा आदि स्थानों से विद्यार्थी आकर शिक्षा ग्रहण कर वापिस गये। विद्यार्थीयों से किसी प्रकार की भेंट आपने कभी स्वीकार न की। संगीत की निरपेक्ष सेवा-व्रत के कारण आपने किसी संगीत सभा सम्मेलन से गायन शुल्क नहीं ग्रहण किया। कॉलेज के होस्टल के एक कमरे में रह कर दिन रात विद्यादान देना ही आपका दैनिक कार्यक्रम रहा। आपके जीवन में अनेक समय आपको उच्च वेतन पर अनेक संस्थाओं ने पाचारण किया किन्तु अपने गुरु के लगाये पौधे को अपने त्याग रूपी जल से सींचकर वृक्ष रूप में फलने फूलने तक आपने उसे छोडकर जाना उचित नहीं समझा। मेरे लखनौ के ९–१० वर्ष के निवास के समय में

आपका गायन अनेक बार श्रवण करने का तथा कुछ आपसे शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुवा । मैंने आपके मुख से यमन बिलावल से लेकर नट-नारायण भंकार, दीपक आदि प्रचलित तथा अप्रचलित सभी रागों को सुना है । आप सभी रागों को समान अधिकार से गाते हैं । पूज्य स्व. पंडितजी का क्रमिक पुस्तकों का पांचवा, छठा भाग सन १९३६ के लगभग प्रसिद्ध हुवा, किन्तु इन पुस्तकों में प्रकाशित गीतों को आपके मुख से मैंने अनेक वर्ष पूर्व कंठस्थ सुना था । कोई ऐसा विलम्बित या द्रुत ख्याल नहीं जो आपको स्मरण न हो । उस समय हम लोगों को आश्चर्य होता था कि डॉ. रातंजनकरजी ने इन सब गीतों की कब शिक्षा प्राप्त की होगी ! कब शालेय तथा कॉलेज के विषयों का अभ्यास किया होगा ! संगीत-शास्त्र के रत्नाकर, नाट्यशास्त्र, रागतत्व-विबोध, लक्ष-संगीत, आदि ग्रन्थों का कब अवलोकन किया होगा ! इतनी अल्प अवस्था में इन सब वस्तुओं का अध्ययन तथा उस पर प्रभुत्व यह दैविक कृपा से ही हो सकता है ।

एक कलाकार का गायन के आलाप, तान, बोलतान, लयकारी इन अंगों में से एक या दो पर विशेषाधिकार रहता है । अन्य अंग उसके पोषक रहते है । मैंने डॉ. रातंजनकरजी से अनेक बार भिन्न भिन्न अंगों की विशेषता के साथ एक ही राग का गायन सुना है । आपका गायन सुनकर यह दृढतापूर्वक कहना कठिण है कि आपकी गायन शैली में अमुक अंग की विशेषता है । जितना वक्र राग अथवा मिश्र राग होगा उतनी ही आपकी प्रतिभा अधिक रूप में विकसित होती जाती है । समप्रकृतिक रागों को बचाते हुवे तिरोभाव करते हुवे विविध अंगों द्वारा भिन्न भिन्न कर्ण मधुर रचना द्वारा जब राग को आप सुशोभित कर दिखाते हैं, उस समय विद्वान श्रोता आपके कल्पकता बुद्धिमता को देख आश्चर्यचकित हो कर आनंद विभोर हो जाता है ।

मुझे अपने इस जीवन काल में अनेक उत्तम उत्तम कलाकरों को श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, किन्तु राग की प्रकृति, उसके अंग आदि का संपूर्ण ज्ञान जितना डॉ. रातंजनकरजी के गायन में स्पष्ट दिखाई देता है उतना शायद ही किसी कलाकार के गायन-वादन में दृष्टीगोचर हुआ होगा । डॉ. रातंजनकर किस घराने की शैली के प्रतिनिधी हैं यह निश्चित रूप से प्रतिपादन करना सरल नहीं हैं । यद्यपि वे आग्रा घराने के अर्थात् स्वं. खाँ साहेब फैय्याज खाँ के प्रमुख शिष्य हैं, किन्तु आपके गायन में सभी शैलियों का आभास समय समय पर होता जाता है । जिस समय जिस शैली के Mood में आप हो उसी शैली की अंग की प्रधानता गायन में दिखाई देती है । अनेकों का आक्षेप है कि डॉ. रातंजनकर की ताल अंग में कमजोरी है, किन्तु जिन्होंने आपके आलाप, तान, बोलतान, सरगमांग की विभिन्न लयों द्वारा रचना का अवलोकन किया है, वे कदापि इस आक्षेप से सहमत न होंगे । यह सत्य है कि आपको तबला-वादक से लडंत, उछलकूद पसंद नहीं है । इस क्रिया से मन का संतुलन, विचारश्रृंखला भंग हो रागरचना के माला के गुंफन में विघ्न उपस्थित हो जाता है । आपके गायन का वैशिष्ट्य, रंजकता में, आपके रागरचना में, कल्पकता में, बुद्धिमत्ता में, है तथा उसी में आप डूबे रहते हैं ।

संगीत-शास्त्र सम्बधी लेख आपने इस २०।२५ वर्षों में समय समय पर 'संगीत', 'लक्ष्यसंगीत' तथा अन्य संगीत-पत्रिकाओं में प्रकाशित किये हैं । उनके द्वारा आपका अध्ययन तथा उस पर विशेष अधिकार प्रमाणित हो जाता है । क्रियात्मक कला तथा उसके शास्त्र दोनों पर समान योग्यता रखने वाला पुरुष वर्तमान समय हिन्दु-स्थानी संगीत में आप ही एक मात्र हैं यह मेरी धारणा है । आपकी गेय रचना, ग्रन्थों में वर्णन किये लक्षणों से तुलना की जाय तो डॉ. रातंजनकर एक सच्चे वाग्गेय-कार हैं, यह प्रमाणित हो जाता है । आपके अभिनव-गीत मंजरी का जिन्होंने अध्ययन किया है तथा इन गीतों की शिक्षा प्राप्त की है वे अवश्य इससे सहमत होंगे कि आपकी गेय रचनाएँ, चीजों की बंदिशें उच्च कोटि की हैं । अनेक रचनाओं की तो कोई तुलना ही नहीं है । जिन रागों में विलम्बित तथा द्रुत ख्याल उपलब्ध नहीं थे उनमें शब्द, स्वर सौंदर्यपूर्ण रचनाओं का आविष्कार कर संगीत समाज पर आपने उपकार ही किये हैं । आपके

स्वयं रचित गीत प्रत्यक्ष गायन के लिये कितने अनुकूल हैं इसकी साक्ष गायक ही दे सकते हैं।

आपके स्वभाव का पूर्ण परिचय आपके शिष्य, मित्रवर्ग तथा जिनसे आपका घनिष्ट सम्बंध आया है उन्हीं को विशेषरूप से हुवा है। आपके हृदय में विद्यादान, संगीत की सर्वांगीण उन्नति तथा समाज की निरपेक्ष सेवा की इच्छा सदा विराजमान रहती है। इसके अनेक प्रमाण दिये जा सकते हैं। आप भातखंडे पद्धति के सच्चे पुरस्कर्ता तथा एकमेव अनुयायी हैं। अतएव अनेक समय संगीतज्ञों में आपके विषय में अशुद्ध धारणाएँ उत्पन्न हुई हैं, किन्तु गुरु के कार्य तथा पद्धति में दृढ विश्वास के कारण विरोधिओं के सन्मुख आप कभी झुके नहीं। वर्तमान समय के अनुकूल आत्मप्रौढी, आत्मप्रतिष्ठा, उसके लिये योग्य अयोग्य प्रचार, संगीत क्षेत्र में गुट–बंदी, पद्धति प्रचार के लिये सत्य असत्य योजनाएँ आदि से आपको अत्यंत घृणा है। पद्धति के प्रचार में इससे कुछ बाधा भी उत्पन्न हुई। प्रचार के शस्त्र से असत्य आगे बढा किन्तु इसकी आपने किंचित् भी परवा न की। आप सदा यही कहते रहे हैं कि वह दिन दूर नहीं जब समाज का सुशिक्षित वर्ग सत्य असत्य, योग्य अयोग्य को पहिचान जाएगा। आपके विनयशील स्वभाव के कारण अनेक समय आपको कष्ट भी हुवे किन्तु आपने कभी कठोरता से विरोधिओं का प्रतिकार नहीं किया।

लेख के बढने के भय से मैं यही समाप्ति करना उचित समझता हूँ। वास्तव में आपके महानता के विषय संक्षिप्त में लिखना कठिण है तथा यह मेरे अल्प बुद्धि के लिये भी असंभव है। तीस पैंतीस वर्षों के आपके घनिष्ट परिचय के आधार से जो मेरे बुद्धि को ज्ञात हुवा उसे ही लिखने का प्रयास किया है। इतना कहकर मैं अपनी श्रद्धाञ्जलि सहित लेख समाप्त करता हूँ।

पंडित श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर की संगीत सेवा

लेखक :— **श्री. अमरेशचंद्र चौबे,** बी. ए., एम्. म्यूज,
खैरागढ़, मध्य प्रदेश

[श्री. अमरेशचन्द्र चौबे का जन्म १९३६ में हुआ। आपकी प्राथमिक संगीत शिक्षा आप के चचा श्री. हर किशोर चौबे के, जो "बंबे मास्टर" के नाम से कलकत्ते में प्रसिद्ध हैं, पास हुई। लखनऊ के भातखंडे संगीत महाविद्यालय में आप नें ७, ८ वर्ष अभ्यास कर के भातखंडे संगीत विद्यापीठ, लखनऊ, की "संगीत विशारद" सन १९५४ में एवं "संगीत निपुण" १९५७ में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। लखनऊ विश्वविद्यालय से सन १९५४ में बी. ए. उत्तीर्ण हुए। १९५५ में आप को शासकीय सांस्कृतिक विद्या वेतन भी संगीत सीखने के लिये २ वर्ष मिलता रहा जिस में आप डॉ. रातंजनकर के पास गायन की शिक्षा प्राप्त करते रहे। आज कल आप खैरागढ़, मध्य प्रदेश, के इंन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में लेकचरर्, के स्थानपर संगीत अध्यापन कार्य कर रहे हैं। —*संपादक*]

पं. श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर अपने गुरु प्रातः-स्मरणीय स्वर्गीय पं. विष्णु नारायण भातखण्डे का सम्पूर्ण प्रकाश ग्रहण कर शीतल चन्द्र की भांति समस्त संगीत जगत को आलोकित कर रहे हैं। संगीत क्षेत्र में आपकी प्रतिभा सर्वतोमुखी है। एक ओर आपकी गणना सर्वश्रेष्ठ गायकों में की जाती है तो दूसरी ओर आप अद्वितीय संगीत शास्त्री के रूप में विख्यात हैं। विद्यार्थियों के लिए आप प्रिय-शिक्षक के रूप में, श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करनेवाले कलाकार के रूप में, तथा विचारकों की संगीत विषयक समस्याओं के निर्णायक के रूप में सर्वत्र आपकी प्रतिष्ठा है।

शास्त्र-सम्मत विशुद्ध संगीत के प्रचारार्थ आपने अपने जीवन की आहुति दी है। यदि भातखण्डेजी ने संगीत को शास्त्रबद्ध कर उसका पुनरुत्थान किया तो रातंजनकरजी ने उनके सिद्धान्तों को आत्मसात कर एवं जनसाधारण को उनसे अवगत करा कर अत्यन्त उपकार किया है।

आपका जन्म एक मध्यम वर्ग के सुसंस्कृत महाराष्ट्रीय परिवार में ३१ दिसम्बर १९०० में बम्बई में हुआ था। आपके पिता स्व. नारायणराव को सितारवादन में रुचि थी अतएव जन्म से ही आपका लालन-पालन संगीतमय वातावरण में हुआ। अल्प अवस्था में ही आपकी गायनशिक्षा के लिए प्रसिद्ध पटियाला घराने के गायक कालेखां साहब के शिष्य श्री कृष्ण भट की नियुक्ति की गई। इनसे प्रारंभिक ज्ञान प्राप्त कर लेने के बाद एक और प्रसिद्ध गायक श्री अनन्त मनोहर जोशी से भी (जो स्व. बालकृष्णबुवा के शिष्य तथा स्व. विष्णु दिगम्बर पलुस्कर के गुरु-भाई हैं) आपकी शिक्षा आरम्भ हुई। अपनी लगन, कठिन परिश्रम तथा गुरु-कृपा के कारण आपने थोड़े समय में ही अपने कार्य में क्षमता प्राप्त कर ली। गायन के साथ साथ आपकी स्कूल की शिक्षा भी चल रही थी पर आर्थिक संकटों के बीच बीच में आते रहने के कारण उसमें विघ्न पड़ते थे। कुछ समय उपरान्त दैवयोग से आपका सम्पर्क भातण्खडे जी से स्थापित हुआ और आपने उनकी शिष्यता ग्रहण कर ली। आपकी अपूर्व प्रतिभा और गुरु पर श्रद्धा को परखकर भातखण्डेजी ने आप पर सदैव पुत्रतुल्य प्रेम रखा और कठिन परिश्रम से एकत्रित की हुई सम्पूर्ण ज्ञानराशि

आपको सौंप दी। यहीं नहीं आपने बड़ौदा सरकार से अपने प्रिय "बाबू" (रातंजनकरजी) को एक छात्रवृत्ति भी दिलवाई जिसके अन्तर्गत आप वहाँ के दरबार गायक मरहूम उस्ताद फैयाज़ खां, से भी गायन शैली की बारीकियां सीखने के लिए ५ वर्ष तक बड़ौदा रहे।

हमारे देश में सामान्यत: संगीत कलाविदों के पास सुशिक्षित मस्तीष्क के अभाव में उनका भावपूर्ण हृदय संकुचित एवं उच्छृंखल अभिव्यक्ति ही अधिक करता रहा है। गुरुदेव रातंजनकरजी में अपवाद स्वरूप इन दोनों ही दोषों के न होने के कारण वह सच्चे कलाकार बन सके। मरहूम उस्ताद फैयाज़ खां से आगरा घराने की शैली की सीना-बसीना तालीम लेने से आपकी गायकी में जो निखार आया वह कलाप्रेमियों द्वारा सुनते ही बनता है। पिछले दस वर्षों के बीच मुझे भी आपके ऐसे अनेक कार्य-क्रम सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिनमें श्रोतागण घण्टों आपनी सुध-बुध भूले बैठे रहे। राग की मूर्ति को मानो साकार बना कर उन्होने एक अपूर्व आनन्द की अनुभूति की। अत: अपने अपने क्षेत्र के ऐसे दो महान् युग प्रवर्तकों (स्व. पं. भातखण्डेजी तथा उस्ताद फैयाज़ खां) की असीम अनुकम्पा श्रीकृष्ण पर होने के कारण वह किसी भी व्यक्ति के प्रिय हो सकते हैं।

पर आपने गायन को कभी जीविकोपार्जन का साधन नहीं बनाया। इसके मुख्य दो कारण हो सकते हैं:– प्रथमत: आप कला विक्रय (Commercialization of Art) के विरोधी रहे हैं और दूसरे, इससे आपके गुरु भातखण्डेजी के संगीत प्रचार कार्य और शास्त्र-पक्ष के अध्ययन एवं अनुसंधानों में बाधायें उत्पन्न होती हैं। इसी ध्येय की पूर्ति के लिए आपने भातखण्डेजी द्वारा सन १९२६ में स्थापित करवाये गये मैरिस म्यूज़िक कालेज (आजकी प्रसिद्ध भातखंडे संगीत विद्यापीठ) में प्रथम दो वर्ष संगीत अध्यापक तद्नंतर सन १९२८ में प्राचार्य का पद ग्रहण किया। इस पद पर आने के पहले ही १९२६ में विल्सन कालेज बम्बई से आप बी. ए. की परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके थे। मैरिस म्यूज़िक कालेज की लगभग ३० वर्ष तक निस्वार्थ भाव से सेवा की। और इसके पश्चात् खैरागढ़राज, मध्य प्रदेश, के इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में उपकुलपति होकर आने में भी आपका एकमात्र स्वार्थ था – विश्व-विद्यालय की स्थापना द्वारा देश के इस भाग में भी संगीत का योग्य प्रणाली द्वारा प्रचार।

आपने संस्था में सदैव प्राचीन गुरुकुलों जैसा पवित्र वातावरण बनाए रखना अपना पुनीत कर्तव्य समझा है। प्रत्येक विद्यार्थी के पूर्ण विकास की आपको चिन्ता रहती है। शास्त्रीय संगीत जिसे अब भी कुछ संकीर्ण मनोवृत्ति के उस्तादों ने अधिकतर "चोर विद्या" बनाकर ही रखा है, रातंजनकरजी द्वारा विद्यार्थियों में मुक्त तथा उदार हृदय से वितरित होता है। इसी का परिणाम है कि आज देश के विभिन्न भागों में आपके अनेक योग्य शिष्य विद्यमान हैं।

हमारे देश में शास्त्रीय संगीत की मुख्य दो पद्धतियाँ प्रचलित हैं। – (१) हिन्दुस्थानी संगीत पद्धति तथा (२) दक्षिणी या कर्नाटकी संगीत पद्धति। रातंजनकर जी ने हिन्दुस्थानी संगीत पद्धति के सम्पूर्ण उपलब्ध साहित्य का तो प्रगाढ़ अध्ययन किया ही, उन्होने कर्नाटकी संगीत पद्धति की भी छानबीन की और दोनों में अनेक समानताएं देखकर उनमें मेल का भी पर्याप्त यत्न किया है। उनके यहां के अनेक रागों को हिन्दुस्थानी संगीत पद्धति में प्रचलित किया। आप जैसे व्यक्तियों के प्रयत्न स्वरूप ही यह दो पद्धतियाँ समीप आती प्रतीत हुई हैं और दोनों पद्धतियों के कलाकार एक दूसरे की पद्धति के क्षेत्र में जाकर, प्रदर्शन तथा विचार–विनिमय कर रहे हैं।

रातंजनकरजी के थोड़े से सम्पर्क में भी आया हुआ कोई भी व्यक्ति यह भलीभाँति जानता है कि आप कितने परिश्रमी तथा पुरुषार्थी हैं। किसी भी क्षण आपकी ज्ञानपिपासा शान्त होती प्रतीत नहीं होती। संस्कृत भाषा के साहित्य–अध्ययन में आपकी विशेष रुचि तो है ही, आपने कुछ अन्य प्रान्तीय भाषाओं का भी संतोषजनक ज्ञान प्राप्त किया है। विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में समय समय पर आपके शिक्षा प्रद लेख निकलते रहते हैं। पर आपकी जनप्रियता आपकी

संगीत रचनाओं के कारण अधिक है। अनेक घरानेदार गायकों से भी आपकी रचनायें गाते हुए मैंने सुना है। आपकी लगभग २०० रचनाओं का संकलन "अभिनव गीत मंजरी" के प्रथम भाग में है। और इसका दूसरा भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने को है। विद्यार्थिओं के लिए "संगीत शिक्षा" तीन भागों में, "अभिनव संगीत शिक्षा" तथा तीन भागों में "तान संग्रह" भी लिखे हैं।

शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाने के लिये आपने अभी हाल में कुछ संगीत रूपक जैसे 'गोवर्धन उद्धार,' 'झांसी की रानी' तथा 'शिव-मंगलम्' लिखकर जो नवीन प्रयोग किये—वह काफी सफल हुये और आधुनिक रंगमंच के लिए एक नवीन वस्तु है। आप के शास्त्रीय संगीत के कई ग्रामोफोन रेकार्ड्स् भी श्रोताओं को पसंद आए हैं।

जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण एक दार्शनिक जैसा है जिसके कारण आप सुख अथवा दुःख दोनों में ही—समभाव से रहते आए हैं। मैं यह कह सकता हूँ कि, आपके अधिक धन या पदलोलुप न होते हुए भी, आपको संगीत क्षेत्र के जिन विभिन्न उच्च पदों पर नियुक्त किया गया वह आपके संगीत क्षेत्र में अनुभव तथा अद्वितीय योग्यता के ही कारण है।

आल इन्डिया रेडियो के म्यूज़िक आडीशन बोर्ड के व्हाइस चेयरमन अथवा इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़राज, के उपकुलपति के रूप में आपकी नियुक्ति, अथवा आपकी संगीत सेवाओं के लिए राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद द्वारा "पद्म-भूषण" की उपाधि से आपका सम्मान मेरे उपर्युक्त कथन की पुष्टि करता है।

अतएव, संगीत कला के पुनरुद्धार के लिए तन, मन, धन एवं जीवन भी उत्सर्ग करने के लिए तत्पर, तथा अज्ञान के तिमिर को दूर कर नया दर्शन एवं नया प्रकाश देनेवाले, संगीत के ऐसे अनुपम पारसमणि गुरुदेव रातंजनकरजी से हम सब कभी ऋण-मुक्त नहीं हो सकते। ईश्वर उन्हे चिरायु करे।

गुरुदेव पं. रातंजनकरजी

लेखक :— **श्री. श्रीपद बन्द्योपाध्याय,** बी. म्यूझ, देहली

[श्री. श्रीपद बन्द्योपाध्याय लखनऊ में मैरिस कॉलेज ऑफ हिन्दुस्थानी म्यूझिक में रातंजनकर के ही पास ७–८ वर्ष रहे और वहीं से उन्होंने संगीत विशारद परीक्षा उत्तीर्ण की। तत्पश्चात पिलाणी (राजस्थान) में बिडला हायस्कूल में संगीत शिक्षक का काम उन्होंने किया। वहां से तबादला होकर वे दिल्ली में बिडला मिल्स हायस्कूल में वही कार्य करने लगे जब से वही अपनी नौकरी सम्हाल कर उन्होंने भातखंडे संगीत विद्यालय नामक संगीत पाठशाला खोली जो अब भी अपना कार्य प्रगतिपर कर रही है।

श्री. बन्द्योपाध्याय नें "सितार मार्ग" नाम एक सितार शिक्षा की पाठ्य पुस्तक माला एवं संगीत विषय पर कई अन्य पुस्तकें प्रसिद्ध की हैं।

जिन्होंनें अत्यन्त स्वार्थत्याग कर के संगीत सेवा में ही अपना जीवन बिताया उन कर्मयोगी व्यक्तियो में श्रीपद बन्द्योपाध्याय हैं। ...

—*संपादक*]

ब्रह्मानन्दं परमसुखदं केवलं ज्ञानमूर्तिम्।
द्वन्द्वातीतं गगनसदृशं तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम्॥
एकं नित्यं विमलमचलं सर्वधी साक्षीभूतम्।
भावातीतं त्रिगुणरहितं सद्गुरुं तं नमामि॥

भारतीय संस्कृति के अनुसार गुरु की मर्यादा असीम है, और उन्हें ईश्वर के साथ समानता भी दी गई है। वास्तविकता तो यह है कि गुरु की कृपा से ही शिक्षार्थी का जीवन निर्माण होता है। अतः संगीत जैसी प्रत्यक्ष विद्या (कला) का ज्ञान प्राप्त करने के लिये सुयोग्य गुरु का होना अनिवार्य ही है। विरले ही भाग्यवान् को सुशिक्षित और सुयोग्य गुरु प्राप्त होता है।

संगीत शास्त्रकारों ने प्रायः सभी विषयों का पर्याप्त वर्णन किया है, उनमें वाग्येयकार का भी विशेष स्थान है। वाग्येयकार के लक्षणों में उन सभी गुणों का होना अनिवार्य है जिनके बिना योग्य गुरु होना कठिन है।

परम पूज्य गुरुवर्य श्री. श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर जी में प्रायः उक्त सभी गुणों का समावेश होने के कारण ही वह एक सफल गुरु हुवे। उनके प्रति सभी का सम्मान और आदर है। निर्लोभिता और स्वाभिमान ही उनके जीवन का व्यक्तित्व है। और यही कारण है कि आप शताधिक होनहार शिष्य कर पाये हैं जो अपने क्षेत्र में सकुशल कार्य कर रहे हैं।

उनके जीवनी के अभ्यास से निष्काम भाव से कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होती है जो अत्यन्त कठिण किन्तु मनुष्य मात्र के कार्योन्नति के लिये परमावश्यक है।

उनकी ६१ वीं वर्ष गाँठ पर नादब्रह्म से उनकी शतायु के और शांतिमय जीवन के लिये हार्दिक कामना है।

विदा का वह क्षण

लेखक :— **सीताशरण सिंह**, एम्. ए., बी. म्यूज़., देहली

[श्री सीताशरण सिंह लखनऊ विश्व-विद्यालय के एम्. ए. एवं भातखंडे संगीत विद्यापीठ के बी. म्यूज़ (संगीत विशारद) हैं। लगभग सात आठ वर्ष भातखंडे संगीत महाविद्यालय में श्री. रातंजनकर तथा अन्य शिक्षकों के पास गायनकला का अभ्यास आप नें किया है। एम्. ए. उत्तीर्ण कर के आप लखनऊ के शासकीय टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में कुछ वर्ष अध्यापन कार्य करते रहे। आज कल आप ऑल इंडिया रेडिओ, नयी दिल्ली, में असिस्टैन्ट प्रोड्यूसर म्यूज़िक के स्थान पर कार्य कर रहे हैं। आप के गायन के कार्यक्रम ऑल इंडिया रेडिओ से होते रहते हैं। ..... —*संपादक*]

सन १९५५ की बात है। भातखण्डे संगीत विद्यापीठ, लखनऊ, के छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों में एक सनसनी सी फैल गई थी। सब एक दूसरे से सशंकित हो कर पूछ रहे थे "क्या सचमुच प्रिंसिपल साहब जा रहे हैं?" बात सच थी। विद्यालय के प्रिंसिपल डाक्टर श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर जिन्हे शासन की ओर से पद्म-भूषण की उपाधि से अलंकृत किया जा चुका था विद्यालय छोड़ कर जा रहे थे। पर किसी को विश्वास नहीं हो रहा था। किसी को साहस भी नहीं हो रहा था कि स्वयं जा कर प्रिंसिपल साहब से इसका स्पष्टीकरण कर ले। डर था, कहीं वह भी यह न कह दें "हाँ, यह बात सच है कि मैं जा रहा हूँ।" सच पूछिये तो कोई इसकी स्वप्न में भी कल्पना नहीं कर सकता था कि प्रिंसिपल साहब भातखण्डे विद्यापीठ छोड़कर कभी जा भी सकते हैं। विगत २७ वर्षों में प्रिंसिपल साहब का व्यक्तित्व विद्यापीठ की नस नस में कुछ ऐसा व्याप्त हो गया था कि प्रत्येक व्यक्ति के कल्पना-चित्र में स्वयं प्रिंसिपल साहब ही विद्यापीठ थे और प्रिंसिपल साहब के जाने का अर्थ था विद्यापीठ का जाना। उन्होंने भातखण्डेजी की इस धरोहर की शान में अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। विद्यालय के एक कमरे में ही उन्होने अकेले रह कर अपने यौवनकाल के २७ वर्ष बिता दिये थे। परिवार बम्बई में था। चौबीसो घंटे विद्यालय में रहना, विद्यालय की ही प्रगति की चिन्ता में मग्न रहना और छात्र छात्राओं को सिखाने में अपना अस्तित्व ही मिटा देना शायद उनका ध्येय था।

जिस समय प्रिंसिपल साहब की कक्षा चल रही होती दूर से ही मालूम हो जाता। छात्र छात्राओं की एक अच्छी खासी भीड़ मंत्रमुग्ध सी खड़ी शिक्षण के आनन्द में मग्न दूर से ही नज़र आ जाती। तानपूरे की मधुर ध्वनि में समाये हुए प्रभावशाली स्वरोच्चार जैसे आने जाने वालों को बाँध लेते। और यदि कभी किसी कार्यवश प्रिंसिपल साहब दो चार दिनों के लिये बाहर चले जाते तो जैसे विद्यालय का सूना वातावरण स्वयं इस बात की सूचना दे देता।

प्रति वर्ष भातखण्डे जी की पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर संगीत की जो पावनधारा प्रवाहित होती थी वह प्रिंसिपल साहब की अपनी एक विशिष्ट देन थी। ७२ घंटे की यह अखण्ड संगीतधारा लखनऊ नगर का एक प्रमुख आकर्षण बन गई थी। आमंत्रित कलाकारों के अतिरिक्त इस अवसर पर विद्यालय के प्रत्येक

छात्र एवं अध्यापक को अपनी अपनी मर्यादानुसार श्रद्धाञ्जलि के रूप में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करने का सुअवसर मिलता था। श्रोताओं के लिये इस उत्सव में कोई टिकट या पास नहीं होता था। फलतः सहस्रों की संख्या में लोग इस धारा के प्रवाह का आनन्द लेने आते थे। इस सम्बन्ध में एक बार एक सज्जन ने सुझाव दिया कि कार्यक्रम ७२ घंटे का अखण्ड न रक्खा जाय क्यों कि इसका कार्यकर्ताओं के और विशेष-कर प्रिंसिपल साहब के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, किन्तु प्रिंसिपल साहब अडिश रहे। उनका उत्तर था "हमारे कदम आगे की ओर बढ़ने चाहियें और आप की सलाह है कि हम अपना बढ़ा हुआ कदम भी वापस ले लें? .... और फिर आप तो जानते हैं कि हमारी यह संगीतधारा संगीतोपासकों के लिये एक तीर्थ का रूप धारणा कर चुकी है। भारत के कोने कोने से लोग इसके वार्षिक पर्व की प्रतीक्षा में रहते हैं। क्या आप इन संगीत प्रेमियों को यूँ ही निराश कर देंगे?"...

अतएव जब तक प्रिंसिपल साहब विद्यालय में रहे संगीत के सहस्रों प्रेमियों ने यह तीर्थ लाभ किया। पूरे ७२ घंटे का कार्यक्रम पहले से ही छाप कर जनता में बाँट दिया जाता था और श्रोतागण अपनी रुचि और सुविधानुसार बड़ी से बड़ी संख्या में उपस्थित हो जाया करते थे। शास्त्रीय संगीत की ७२ घंटे की यह अद्वितीय सभा प्रति वर्ष १९ सितम्बर को प्रातःकाल ६ बजे प्रिंसिपल साहब के गायन से आरम्भ होती थी और २२ सितम्बर को प्रातःकाल ६ बजे उन्हीं के गायन से समाप्त होती थी। उत्तर प्रदेश के उन दिनों के मुख्य मंत्री डाक्टर सम्पूर्णानन्द राज्यकार्य में अति व्यस्त होते हुए भी प्रति वर्ष २२ सितम्बर की लगभग ३-३० बजे प्रातःकाल इस सभा में अवश्य पधारते थे। शायद वह प्रिंसिपल साहब का उस समय का गायन सुनने का लोभ संवरण नही कर पाते थे। धन्य थी वह घड़ी ऐसा प्रतीत होता जैसे स्वयं भातखण्डेजी की आत्मा प्रिंसिपल साहब में एकाकार हो कर समस्त श्रोताओं पर छा रही हो। ऐसे ही अपूर्व क्षण की एक सरस घटना याद आ रही है। लगभग ४-३० बजे थे। प्रिंसिपल साहब ललित के द्रुत ख्याल में तल्लीन थे। श्रोतागण आनन्द सें झूम रहे थे। अकस्मात् देखा गया कि एक ३ या ४ वर्ष का बालक जो अपनी माँ की गोद में सोया हुआ था उठकर खड़ा हो गया और आँखे बन्द किये हुए ही ख्याल की लय में फुदकने सा लगा। यूँ तो उस अलौकिक वातावरण में सभी श्रोता आनन्दविभोर हो कर फुदक ही रहे थे परन्तु अन्तर केवल यह था कि बालक अर्धनिद्रावस्था में होने के कारण शरीर से भी फुदक रहा था जब कि अन्य श्रोता सभाधर्म की ओर से सतर्क रहने के कारण केवल मन ही मन में फुदक रहे थे।

आज उन्हीं प्रिंसिपल साहब के जाने की खबर नें सम्पूर्ण विद्यालय में एक सनसनी पैदा कर दी थी। प्रत्येक छात्र छात्रा चिन्तामग्न थे। सब के मन में एक ही शंका समाई हुई थी कि अब विद्यालय का क्या होगा? कौन इतना समर्थ व्यक्ति है जो प्रिंसिपल साहब के स्थान की पूर्ति कर सकेगा? अतीत की कुछ स्मृतियाँ आज एक टीस सी पैदा कर रही थीं। गणेशचतुर्थी के अवसर पर एक बार एक ऐसे लोकप्रिय गायक का कार्यक्रम हुआ जिसकी विशेषता थी फिरत की तान। ४५ मिनट में उस गायकने तीन राग सुनाए। तत्पश्चात प्रिंसिपल साहब को गाना था। उहोंने उस दिन अपने आपको बिलकुल उस गायक की शैली में ढाल दिया। लगभग आध घंटे तक राग परज को उसी शैली में गाते रहे मानो उस कलाकार के सत्कार में उसी की शैली पेश कर रहे हों और श्रोता यह देख कर दंग थे कि यह शैली उस कलाकार की अपेक्षा प्रिंसिपल साहब के कण्ठ से कहीं अधिक आकर्षक लग रही थी। इसके बाद अपनी गायकी से उसी परज राग को उन्होंने सवा घंटे तक इतनी सुन्दरता से बरता कि लगता था जैसे १५ मिनट ही गाया हो।

इसी प्रकार एक सभा में एक ऐसे विख्यात कलाकार के बाद प्रिंसिपल साहब का गाना हुआ जो तीन सप्तक की सपाट तानों का बड़ा प्रेमा था यद्यपि उसके तार सप्तक के स्वर नकली कण्ठ के थे। उस दिन भी शायद अतिथि-सत्कार के नाते प्रिंसिपल साहब ने तीन सप्तक की सपाट तान की गायकी में ही गाना

उचित समझा । अन्तर केवल यही था कि प्रिंसिपल साहब का स्वरोच्चार अतिमन्द्र से अतितार तक स्पष्ट ही नहीं वरन् हृदयग्राही था । गा क्या रहे थे मानो उदाहरण दे कर समझा रहे थे कि सपाट तान यदि तीन सप्तक की ली जाय तो ईमानदारी से ली जाय या यूँ कहिये कि शास्त्रोक्त ली जाय ।

आज उन्हीं प्रिंसिपल साहब की बिदाई की सूचना से जैसे सम्पूर्ण विद्यालय विक्षुब्ध सा हो गया था । यदि थोड़ा बहुत संतोष था तो इस बात का कि वे इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के उपकुलपति हो कर जा रहे थे । किन्तु निश्चित रूप से बिदा की बात तब मालूम हुई जब केवल दो दिन शेष थे । जल्दी जल्दी में छात्र और प्रध्यापकों ने मिल कर एक बिदाई सभा का आयोजन किया । इस सभा में कुछ छात्रों ने तो जैसे हृदय ही निकाल कर रख दिया । कुछ ने रातोरात जग कर ऐसी कविता बना डाली की जिसे सुन कर सभा शोकविह्वल हो उठी । कविताकार ने प्रश्न किया था कि "दो चार दिनों की अनुपस्थिति तो हम किसी प्रकार झेल लेते थे पर अब तो आप विद्यालय छोड़ कर ही जा रहे हैं । अब हमारा क्या होगा ?" इसका जो उत्तर प्रिंसिपल साहब ने दिया था उसे कोई कभी नहीं भूल सकेगा । उनके शब्द थे "मेरे जाने के बाद आप का विद्यालय, आप के सहपाठी, आप के अध्यापक सभी आपके साथ होंगे केवल मैं नहीं रहूँगा । इस प्रकार आप को तो केवल एक की जुदाई सहन करनी पड़ेगी पर मेरा तो सब कुछ छूट रहा है । मुझे तो धैर्य बँधाने वाला भी कोई नहीं होगा ऐसी दशा में मेरा क्या हाल होगा इस पर भी आप ने कुछ ध्यान दिया है ?" इस उत्तर ने सब को जैसे स्तब्ध कर दिया । सबकी पीड़ा जैसे एक दम उड़ गई यद्यपि आँखें सबकी भर आईं ।

भातखंडेजी की...जय



अंत में विदा का क्षण भी आ पहूँचा। चारबाग़ स्टेशन का प्लैटफार्म नम्बर ५ भातखण्डे संगीत विद्यापीठ के छात्र, छात्राओं व अध्यापकों से खचाखच भरा हुआ था। सब के हाथ में एक सुन्दर माला थी। प्रिंसिपल साहब कम्पार्टमेन्ट के द्वार पर खड़े थे। एक एक व्यक्ति आगे बढ़ता जाता और हार पिन्हा कर चरण रज माथे पर लेता जाता यहाँ तक कि मालाओं का एक बड़ा भारी ढेर लग गया। यदि प्रिंसिपल साहब इन मालाओं को उतार उतार कर रखते न जाते नामुमकिन था कि सारी मालाएँ उन्हे पिन्हाई जा सकतीं। मैंने अपने जीवन.... काल में बहुत सी बिदाइयाँ देखी हैं। बड़े से बड़े अफ़सरों और नेताओं को बड़ी से बड़ी भीड़ द्वारा गगनभेदी नारों के साथ विदा होते देखा है पर आज की यह विदा का क्षण कुछ और ही था। इतनी बड़ी भीड़ होने पर भी एक विलक्षण शान्ति थी। सबों के मुँह पर जैसे ताले पड़े हुए थे। शून्य भविष्य की कल्पना ने जैसे सब को संज्ञा-हीन कर दिया था। यकायक सीटी बजी और गाड़ी धीरे से रेंग उठी। सब की दृष्टि गुरुजी पर थी। सबने देखा जैसे किसी अद्भुत शक्ति से प्रेरित होकर गुरुजी का दहिना हाथ अति वेग से हवा में उठा और साथ ही हर्षातिरेक में उनकी ओजस्वी वाणी सुनाई दी "भात-खण्डेजी की".... 'जय' नाद ने जैसे सारे प्लेट-फार्म को हिला कर रख दिया। यकायक सब के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे जैसे इस नारे ने उनकी समस्या हल कर दी हो। इस नारे के पीछे गुरुजी का सन्देश स्पष्ट था कि भावावेश में हमें अपना कर्तव्य नहीं भूल जाना चाहिये और संगीत की जो ज्योति भातखण्डेजी ने जगाई है उसे सदा प्रज्वलित रखने के लिये हमें अपना सब कुछ बलिदान करने को तैयार रहना चाहिये।

धन्य था वह विदा का क्षण!

'कुछ संस्मरण'

लेखक:— **डॉ० समर बहादुर सिंह,** नई दिल्ली.

[डा० समर बहादुर सिंह का विषय है संगीत और इतिहास। मैरिस कालेज से, संगीत–विशारद' कर आपने लखनऊ विश्वविद्यालय से इतिहास में एम० ए० किया, जिसमें आपको प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान मिला। इसी विश्वविद्यालय से आपने इतिहास में डाक्टरेट की डिग्री भी प्राप्त की। शोध विषय था "अब्दुरहीम खानखाना"। पहले आप नैशनल डिफेन्स एकेडमी, खड़कवासला, में संगीत तथा इतिहास के प्राध्यापक थे। आजकल आकाशवाणी, नई दिल्ली, में असिस्टन्ट स्टेशन डायरेक्टर हैं। —*संपादक*]

१९४१–४२ की बात है। उस समय मैं लखनऊ के मैरिस कालेज में फिफ्थ् इयर का विद्यार्थी था। विषय था कंठ संगीत और शिक्षक थे श्रद्धेय श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर, कालेज के तत्कालीन प्रिंसिपल्। उस समय की स्मृतियां मानस-पटल पर आज भी ज्यों की त्यों अंकित हैं–ऐसी जैसे ये सब कल ही हुआ हो।

केसरबाग के बीच से विश्वविद्यालय की ओर जाने वाली सड़क के दाएँ और कालेज के मुख्य भवन के ठीक सामने की वह एक मंज़िला इमारत। उसके एक छोर प्रिंसपल् साहब का दफ्तर था। इसी में हमारा क्लास लगता। उस छोटे से कमरे में एक ओर प्रिंसिपल् साहब की मेज़-कुर्सी होती और दूसरी ओर सामने दीवार से सटा, दरी से ढका एक तख़्ता जिस पर हम सब विद्यार्थी बैठते। क्लास शाम को साढे छः बजे शुरू होता और डेढ़ घंटे के करीब चलता।

अब थोड़ा विचार स्वरस्थान का भी किया जाय। सप्तक के बारह तीव्र कोमलादि स्वरों का रूप भिन्न भिन्न रागों में स्वरसंगतियों के अनुसार बदलता रहता है। इतना ही नहीं अपितु एक ही राग में आरोह अवरोह में भिन्न कणों के कारण भी उसी स्वर की ध्वनि कुछ माने में भिन्न प्रकार की सुनाई देती है। स्वरों का यह बदला हुवा रूप (ऊंचा नीचापन) बहुतांश में स्वरसंगति के उच्चार से तथा उस स्वरविशेष के प्रमाण से भी संबंधित होता है। ऐसे स्वर को किसी दूसरे स्वर का कण लगना, उस स्वर का आंदोलित होना, अथवा उस स्वर के प्रमाण का कम अधिक होना इत्यादि बातें प्रत्यक्ष प्रयोग से भलीभांति अनुभव की जा सकतीं हैं। उदाहरण रूप में 'नि रि सा' स्वर संगति लीजिए, और इसे दो भिन्न प्रकारों से गा कर देखिए। पहिले प्रकार में निखाद को अधिक अवकाश (समय) देते हुवे रिखब लगभग स्पर्शमात्र गाते हुवे षड्ज पर आजाईए। दूसरे प्रकार में निखाद पर अधिक न ठहरते हुवे रिखब को अधिक समय तक गा कर फिर षड्ज पर आइए। ध्वनिदृष्टि से रिखब में कुछ भिन्नता का अनुभव होता है। इसी प्रकार के अन्य उदाहरण और दूसरे रागों में भी अनुभव किये जा सकते हैं। जैसे ललित तथा देसी रागों में धैवत, तोड़ी व दरबारी रागों में गंधार और काफी ठाठ के बहुतेरे रागों में निखाद स्वर। ललित में भिन्न स्वरसंगति में धैवत के स्थान में कुछ बदल सुनाई देता है। उसी प्रकार देसी राग में कुछ अंश में धैवत की अवस्था होती है। टोड़ी अथवा दरबारी राग में गांधार किसी विशेष कण अथवा आंदोलन के कारण सामान्य कोमल गांधार से भिन्न प्रकार का सुनाई देता है। उसके रूप के विषय में जो स्थानदृष्टि से बदल होता हो उसे, निश्चित रूप में केवल श्रवणेंद्रिय के सहारे तो नहीं कहा जा सकता परन्तु अनुभव अवश्य होता है। इस बात में मतभेद होना भी संभव है। काफी ठाठ के बहुतेरे रागों के आरोह में निखाद भिन्न स्वरसंगतियों में समय समय पर अपना स्थान बदलता है। इस स्वर की एक अवस्था तो वह होती है कि उस दशा में उसे न तो कोमल ही कहा जा सकता है, और न पूर्णरूपेण शुद्ध। इस बात की ओर प्रत्यक्ष प्रयोग में उचित ध्यान देने पर उसका आकलन सहज रीति से हो सकता है। साथ ही साथ उस स्वर का उस प्रकारविशेष के रूप से लगना ही स्वाभाविक तथा सुंदर प्रतीत होता है।

स्वरों का ऐसे विशेष रूप में लगना तथा उनका उचित प्रमाण में उपयोग किए जाने पर राग का ध्वनि-चित्र एक विशेष प्रकार का सुनाई देगा। राग के कुछ गिने चुने मोटे मोटे नियमों को ध्यान में रख कर स्वर और ताल में गायन वादन करने से ही हमारा प्रयोग विशेष प्रभाव नहीं डाल सकता। आरंभ में विद्यार्थियों की अपरिपक्व स्थिति में उनके लिए इतनी ही बातें चाहे पर्याप्त हों, परन्तु आगे चल कर इन क्षूस्म बातों का जब तक समावेश न किया जाय तब तक गायनवादन प्रयोग विशेष रुचिकर और प्रभावशाली नहीं होता। उच्चार, स्वरस्थानों की ओर सूक्ष्मदृष्टि, स्वरों का उचित प्रमाण में उपयोग, रागोचित अलंकारों का उपयोग, राग और गीत की प्रकृति तथा भाव के अनुरूप लय रखना और कंठस्वर को आवश्यकतानुसार बड़ा या छोटा बनाना इत्यादि अनेक बातों की ओर हमें दृष्टि दे कर विचार करने की आवश्यकता होती है, और तभी वह प्रयोग सुननेवालों पर अपना विशेष प्रभाव डालता है।

स्वरों का स्थान और उनके प्रमाण के विषय में 'बाल की खाल' तो नहीं निकाली जा सकती तौ भी 'अपनी अपनी ढोलक अपना अपना राग' होना भी समंजस नहीं जान पड़ता।

एक आदर्श संगीत विद्यालय के प्रति मेरे विचार

लेखक : **श्री. वि. अ. कशाळकर,** संगीत प्रवीण, इलाहाबाद.

[पं. विष्णु अण्णाजी कशाळकर का जन्म कोल्हापूर में इ. स. १८८४ में हुआ। बाल्यावस्था में आपने संगीत की प्राथमिक शिक्षा कोल्हापूर में ही एक गायक के पास की। आगे इ. स. १९०५ में आप स्व. विष्णु दिगंबरजी के पास संगीत सीखने के लिये लाहौर पहुंचे। अपने गुरुदेव के पास लगातार दस वर्ष शिक्षा ग्रहण कर के वे अपने प्रिय विषय में निष्णात हुए। सन १९१५ में आप इलाहाबाद गये, जब से आज तक वही हैं। इतनी वृद्धावस्था में आज भी आप संगीत अध्यापन का कार्य करते जा रहे हैं। आज कल आप "प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद" की संगीत पाठशाला के अध्यक्ष तथा संचालक हैं।'

स्व. विष्णु दिगंबरजी अपने शिष्यों को संगीत के मिशनरी कहथे ते। वास्तव में श्री. कशाळकरजी संगीत के एक मिशनरी ही हैं।

—*संपादक*]

हर प्रकार के साधन और सुविधाएँ प्राप्त हैं। भारत सरकार का पूर्ण सहयोग भी प्राप्त है कि संगीत की उन्नति हो, देश का धन है। विदेशियों के लिये एक श्रेष्ठतम उपहार है। देशी विदेशी कलाकार तथा विद्यार्थियों में भारतीय संगीत के प्रति श्रद्धा और सद्भावना भी है। देश के कोने कोने में छोटे से छोटे शिक्षालय से ले कर प्रधान केन्द्रों में बड़े से बड़े विद्यापीठ अपने काम में संलग्न हैं, परन्तु मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं कि हमारे सांस्कृतिक संगीत की रूपरेखा दिन प्रति दिन पतन को प्राप्त होती जा रही है। संगीत का कल्याणकारी मार्ग गुरु सेवा से प्राप्त होता है, उसका मुझे भी अपने विद्यार्थी जीवन में अनुभव हुवा। संगीत का वह अंकुर आज के विद्यार्थी में नहीं दिखाई देता। कारण है संयम और साधना की कमी। समय ही हमारा धन है, उसको पूर्ण रूप से प्रयोग में लाने वाले साधक सफल होते हैं।

केवल दो या तीन घंटे (Periods) संध्या समय हर प्रकार की छुट्टी मनाते हुवे, कभी आते तो कभी नहीं भी आते, प्राप्त हो जाने के विषय में कोई शंका नहीं, हर प्रकार के व्यसनों में व्यस्त हैं—ऐसे विद्यार्थी संगीत की उन्नति के योग्य पात्र नहीं बनते। दोष हमारा है। विद्यार्थी की पूरी दिनचर्या हमारे हाथ में हो। उसका

सारा समय शारीरिक तथा मानसिक शिक्षाओं के साथ संगीतमय बना दिया जाय तो हमारा विद्यार्थी कलाकार भी होगा और साहित्यकार भी होगा। इस प्रकार की शिक्षाप्रणाली की महानता मुझे अपने गुरुवर्य की सेवा में रह कर प्राप्त हुई। उसी से प्रतिफलित हुवे मेरे प्रिय बंधु अभी भी संगीत संसार की बड़ी सफलतापूर्ण सेवा कर रहे हैं और उनके विद्यार्थीयों में भी उनकी साधना के अनुसार प्रकाश है।

एक आदर्श संगीत विद्यालय की दिनचर्या में प्रातः सेवन के साथ संगीत, शरीरविज्ञान और साहित्य की साधना करना आवश्यक है। प्रातः स्नान के पश्चात् स्वरसाधन, पुनः शारीरिक कला, व्यायाम के पश्चात् संगीत और साहित्य का अध्ययन तथा अभ्यास हो। इस प्रकार सुबह चार घंटे कार्यक्रम के पश्चात् भोजन तथा दस बजे के शिक्षण के हेतु प्रस्तुत हो जाने पर विद्यार्थी का प्रातःकाल सफल होता है अन्यथा सारा दिन व्यर्थ जाता है।

दस बजे से चार बजे तक बीच में एक घंटा विश्राम के पश्चात् विद्यार्थी को पाँच घंटे काम में लगाना होता है। दो घंटे प्रधान विषय, एक घंटा तबला तथा सहायक विषय, दो घंटे में संस्कृत हिन्दी तथा अंग्रेजी के साथ साथ अन्य सामाजिक विज्ञान भी सीखना अनिवार्य है।

संध्या समय शारीरिक व्यायाम के खेल। संध्याकाल की प्रार्थना के पश्चात् भोजन कर के ८ बजे रात्री से दो अथवा तीन की गोष्ठी में संगीत चलता रहे। अध्यापक महायशय यथोचित सहायता करते रहे। इस प्रकार के संयम में सफल केवल वही विद्यार्थी हो सकते हैं कि जिनकी शिक्षा का आरंभ इसी विद्यालय में हो अथवा विद्यार्थी की आयु सात वर्ष से अधिक न हो। जिस विद्यार्थी में संगीत का अंकुर ईश्वरीय देन हो उसकी भर्ती हर प्रकार करनी चाहिये।

पाठशाला के साथ साथ विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था अनिवार्य है। बारह वर्ष इस प्रकार संयम और साधन से विद्या प्राप्त करनेवाला विद्यार्थी, हमारा विश्वास हैं कि किसी प्रकार भी एक बी. ए. पास विद्यार्थी से साहित्य और संगीत में किसी प्रकार कम न होगा। डिग्री मिली न हो हमारे इस विद्यार्थी को फिर भी उसको रिसर्च करने का अवसर प्राप्त होगा जो अन्य किसी भी बी. ए. या एम. ए. वाले को न होगा। काम की सराहना पर डिग्री मिलना कुछ कठिन नहीं है। हम लोगों को इस कार्य की महानता बढ़ाने भर की देर है।

आशा है कि मेरे प्रिय बन्धु इसको आगे बढ़ायेंगे। कभी न कभी कल्पवृक्ष अवश्य कल्याणकारी फल देगा।

गीत-वाद्य प्रबन्धों में रचनात्मक सौंदर्य

लेखक :— **अमरेशचन्द्र चौबे**, बी. ए., संगीत-निपुण, खैरागढ, म. प्र.

[आपका परिचय इसी पुस्तक में अन्यत्र (पृष्ठ 15 पर) दिया गया है। —संपादक]

कला की अभिव्यक्ति कलाकृति द्वारा होती है। श्रेष्ठ कलाकृतियों द्वारा ही हम किसी के स्वरूप, नियम, धर्म, उन्नति तथा अवनति के इतिहास से परिचित होते हैं। अतः अन्य कलाओं – साहित्य, चित्र, मूर्ति, स्थापत्य के ही समान संगीत कला में भी कलाकृति के महत्व को शीघ्र ही समझा जा सकता है।

यूं तो भारतीय संगीत में राग स्वयं एक कलाकृति है। परन्तु यहाँ रागगायन को ही एक कला मानकर उसकी कलाकृतियों अर्थात स्वरशब्द के तालबद्ध रंजनात्मक प्रयोगों अर्थात प्रबन्धों के संबन्ध में विचार करना है। यदि हम भारतीय संगीत के इतिहास का अवलोकन करें तो हमे ज्ञात होगा कि, संगीत कला के क्रमशः विकास के ही साथ साथ निबद्ध गीतों अथवा प्रबन्धों की रूपरेशा भी बदलती गई।

लगभग एक हजार वर्ष से प्रचलित होने पर भी संगीत के इतिहास में राग गायन बहुत बाद में किया गया एक अविष्कार है। उसके पहिले जाति गायन और उससे भी पहिले वैदिक काल में साम-गायन के प्रचार की बात हमें ज्ञात है। यद्यपि वह नहीं कहा जा सकता कि, साम-गायन में सामवेद तथा अन्य वेद के मंत्रों की आधुनिक रीति के ही समान तालबद्ध कर के गाया जाता था, परंतु इतना अवश्य निश्चित है कि, इन वेदमंत्रों का पाठ पूर्णतः स्वर यथा लयबद्ध था और उसमें त्रुटि होने से ब्रह्महत्या लगती थी। ऋग्वेद में उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित अर्थात् क्रमशः Acute, Grave, Toned यह तीन कंठस्वर की उच्चनीचता के निदर्शक थे, पर सामवेद में क्रष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मंद्र तथा अतिस्वार यह सात यम अर्थात कंठस्वर की उच्चनीचता की सात मुख्य श्रेणियाँ निश्चित हुई थी। इनके अतिरिक्त प्रत्युत-क्रम, अतिक्रम, कर्षण, स्वार, विनत, प्रणत, उन्स्वरित तथा अभिगीत ऐसे और भी यम सामवेद संहिता में पाये जाते हैं। इस प्रकार सात मुख्य एवं अन्य आंठ ऐसे पंधरह स्वरों की सिद्धि सामवेद में ही हो चुकी थी।

सामगान की यह परम्परा युगों तक चली, पर समाज के विकास और सांस्कृतिक अभ्युदय के साथ जाति-गायन भी प्रचार में आया ! " यह जातियां प्रायः वृन्द लोकगीत थीं जिनकी स्वररचना पर विशेष ध्यान दिया गया था। इनके आरंभ एवं समाप्ति के स्वर, स्वररचना की रूपरेखा, ताल, न्यास स्वर इत्यादि सब नियमबद्ध थे ताकि वृन्दगायन में असंबद्धता न हो। ऐसी जातियाँ मुख्य अठारह मानी गई थी और संगीत रत्नाकर में इनके उदाहरण स्वर ताल लिपी सहित दिये हुवे है। जाति प्रकरण में अलाप का प्रयोग निदर्शित न होने के कारण भी यह सिद्ध होता है कि, यह केवल निबद्ध स्वररचनायें ही थीं।"

" जब इन जातियों की स्वर ताल रचना पर स्वतंत्रतया विचार होने लगा तब राग अथवा जातियों में रहते हुवे रंजकतत्व के सिद्धांतों की उत्पति हुई " × जैसा सर्व विदित है राग ध्वनि की वह विशिष्ट रचना

× ध्रुवपद गायकी की समस्याएं – पं. श्री. ना. रातंजनकर, लक्ष्य-संगीत के जून १९५८ अंक से

है जिसे स्वर तथा वर्ण से सौदर्य प्राप्त होता है और जो जनरंजन करती है । राग का एक विशिष्ट रूप, उसका प्रस्तार और रंजकता इन मुख्य बातों को ही राग गायन के आरंभ से अब तक लक्ष्य में रखते हुवे विभिन्न प्रकार की कृतियाँ निर्मित हुई। तेरहवीं शताब्दि में शारंगदेव के संगीत रत्नाकर लिखने के समय तक राग-गायन का पर्याप्त प्रचार हो चुका था यतः उन्होंने अपने समय में प्रचलित निबद्ध रागगीतों के मुख्य तीन प्रकार बताये है जैसे कि प्रबन्ध, वस्तु, रूपक। प्रबन्धों के मुख्य चार अवयव या धातु उद्ग्राह, मेलापक, ध्रुव, और आभोग बताये हैं। कभी कभी ध्रुव व आभोग के बीच में एक पांचवा धातु भी होता था जो 'अंतरा' कहलाता था (परन्तु यह 'रूपक' नाम के गीत में होता था जो 'सालगसूड' प्रकार के अंतर्गत आता था) कुछ प्रबन्ध प्रकार 'द्वि' तथा 'त्रि' धातु के भी होते थे जिनमें 'मेलापक' या 'आभोग' या दोनों ही नहीं होते थे।

प्रबन्ध के छः अंग – विरुदम्, पदम, तेनकः पाट, ताल, छंद तथा पांच मुख्य जातियां मेदिनी, आंनदिनी, दीपनी भावनी, तथा तारावली होती थी। छन्द, ताल तथा अन्य आवश्यक अंगों के संबंध में जिन प्रबन्धों में नियम शिथिलता थी वह 'अनिर्युक्त' और जिन में अंगों के विषय में निश्चितता थी वह "निर्युक्त" कहलाते थे। प्रबन्धों के तीन और प्रकार – 'सूडस्थ', आलिंसश्रेयः, 'विप्रकीर्णः भी है। पुनः सूड प्रबन्ध के आठ प्रकार, आलिंसश्रेयः के बत्तीस प्रकार और विप्रकीर्ण के छत्तीस प्रकार बताये है। इस प्रकार सेकड़ो प्रकार के प्रबन्धों का वर्गीकरण जिनका वर्णन यहा संभव नही हैं उनकी स्वर, शब्द, छन्द और ताल रचना के आधार पर किया गया था। पर खेद है कि, यह सहस्त्रों प्रकार की संगीत रचनायें स्वरलेखन पद्धति के अभाव में अनंत के गर्भ में विलीन हो गयीं, व केवल इतिहास की वस्तु हो कर रह गयीं। आज उनके ध्वन्यात्मक स्वरूप की कल्पना किंचित मात्र भी नहीं कर सकते। पर इतना अवश्य है कि क्या दक्षिणात्य और क्या हिंदुस्थानी – संगीत में प्राचीन प्रबन्धों की ही परम्परा बहुंतारा प्रचलित है। प्रबन्धों के चार, तीन, दो और क्वचित पांच भाग दोनो ही प्रचलित पद्धतियों के गीतों में पाये जाते हैं।

प्रबन्धों के धातु, उद्ग्राह, ध्रुव, मेलापक तथा अंतरा के समान आजकल के गीतों में स्थाई, अंतरा, संचारी और आभोग होते ही हैं। दो तुके गीतों में स्थायी तथा अंतरा और तीन तुके गीतों में स्थायी तथा दो अंतरे भी होते हैं। ध्रुपद और ध्रुपद शैली में ही गायी जानेवाली होरीयों या धमार, सादरें, चतरंग तथा त्रिवट, चौतुके तीन तुके और दो तुके होते हैं। ख्यालों ठुमरीयों तथा टप्पों में प्रायः दो तुक-स्थायी तथा अंतरा ही होते हैं। वाद्य संगीत में जब तक वीणा यानि बीन तथा रबाब का प्रचार था उसमें ध्रपद ही बजते थे। वीणावादक को गायक की ही भांति सैंकड़ो ध्रुपद याद होते थे। पर उसकी जगह ज्यों ज्यों सितार का प्रचार बढ़ता गया उसकी वादन शैली भी भिन्न होती गई। ध्रुपदों के स्थान पर ख्याल की तरह दो तुकी मसीतखानी या विलंबित तथा रजाखानी यानि मध्य या द्रुत लय की गतें बजने लगी। आज मिज़राब या जबां से बजने वाले सब वाद्यों में गतें तथा गज से बजाये जाने वाले वाद्यों में गायकी अर्थात ख्याल बजाने का प्रचार बढा है। यद्यपि अपवाद स्वरूप मिज़राब तथा जबां से बजाये जाने वाले वाद्यों जैसे सितार, सुरबहार, सरोद, इत्यादि में गायकी की चीजें यानि ख्याल तथा गज से बजाये जाने वाले वाद्यों में सितार की गतें भी बजती हुई सुनाई देती है। कभी कभी यह परिवर्तन सुनने मे रुचिकर भी होता है। घन और सुषिर वाद्यों में भी गायकी तथा गतें यह दोनों ही बजती सुनाई देती है।

इसके पहले कि हम वाद्यों में बजने वाली रचनाओं के संबंध में बिचार करें, हमें गीतों के संबंध मे कुछ गहराई से विचार कर लेना चाहिये। संगीत एक परिवर्तनशील कला होने के कारण 'रत्नाकर' में वर्णित प्रबन्धों के जटिल नियमों में कुछ शिथिलता आई और ध्रुपदों का प्रचार बढ़ा। आरंभ में देवालयों में स्तुतियों तथा कीर्तनों का गायन संस्कृत भाषा में होता था। जयदेव ने इसी प्रकार की श्रेष्ठ भक्तिप्रधान रचनाओं अर्थात् अष्टपदीयां का निर्माण अपने 'गीतगोविंद' में

किया । देशी, प्राकृत भाषाओं के प्रचार के साथ साथ भक्ति गायन उन भाषाओं मे भी होने लगा और इन भक्तिगीतों को ध्रुपद कहा गया । यह ध्रुपद गीत सुनियमित, सुसंबद्ध स्वरालापों तथा लयकारी में होते थे जैसा गीत के ध्रुपद नामकरण से हीं स्पष्ट है । इस गीत के पद ध्रुव अर्थात, अचल या निशित्त थे । गायन में उनकी स्वर-रचना तथा लय आदि में परिवर्तन नहीं हो सकता था । कलात्मक होते हुवे भी इन ध्रुपदों को ईश्वरोपासना का एक साधन मान कर ही प्रयोग में लाया जाता था । वास्तव में इनकी कलात्मक वृद्धि इनके राज-दरबारों में गायन आरंभ होने के साथ ही हुई । यहां इनकी रचना लौकिक विषयों को ले कर भी हुई । स्वर और लय रचना में जनरंजकतत्वों का समावेश हुवा । आज परम्परा से जितनें भी श्रेष्ठ ध्रपद हमें प्राप्त हैं वह सब रागों को पूर्णतः व्यक्त करने वाली उत्कृष्ट ,रचनाएं हैं । केवल उनके सब अंगों को ही मधुर, गंभीर कंठ से गाने पर राग सजीव हो उठता है और अपूर्व आनंद की प्राप्ति होती है । धमार ताल में गाई जाने वाली होरी तथा झपताल में गाये जाने वाले सादरों में भी ध्रुपदशैली की ही सारी विशेषतायें प्राप्त होती हैं ।

जैसा उपर ही संकेत किया जा चुका परिवर्तन की प्रवृत्ति ने ध्रुपद से ही ख्याल को जन्म दिया । इसका कारण बहुत कुछ लंबे शब्द-प्रधान गीतों के विरुद्ध शताब्दियों से चली आ रही प्रतिक्रिया है । प्रबन्ध, अष्टपदि, ध्रुपद और फिर धमार, सादरा ,यदि इन गीतप्रकारों के रचनात्मक तत्वों पर विचार करें तो हमें ज्ञात होगा कि, गीत को क्रमशः संक्षिप्त ही किया गया है और उसके अंतर्गत स्वर व राग-प्रस्तार को अधिक प्राधान्य दिया गया है । यह प्रतिक्रिया यहाँ तक हुई कि, गीत अत्यंत छोटा कर दिया गया । स्वर व राग प्रस्तार में तानं के विभिन्न प्रकारों को जोड दिया गया और ख्याल गायकी का प्रादुर्भाव हुवा, अर्थात् संगीत कला का प्रदर्शन अधिक और काव्यपाठ का कम । इतिहास में हमें इसके और भी कारण मिलते है जैसे संगीत का विभाषी तथा अशिक्षित गायक वादकों के हाथ में चला जाना । परन्तु गायन में संगीत कला का अधिक प्रदर्शन और कविता-पाठ का महत्त्व कम होना यह भी एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुवा । संगीत कला की दृष्टि से यह एक उन्नति कही जा सकती है । ध्रुपदों में लम्बे काव्य का होना उपयुक्त है कारण उसमें तान, मुरकी, खटका इत्यादि न होने से स्वर चातुर्य दिखाने की कम गुंजाइस है । उस अभाव को पूरा करने के लिये बहुत लंबी चीज कुछ काम देती है यद्यपि सुनने में वह उभा देनेवाली होती है । ख्याल शैली के लिये बहुत लंबी चीज की आवश्यकता नहीं है क्यों कि, भाव व स्वर–चातुर्य दिखाने के लिये बोलतान, गमक, जबड़ा, प्रकार की तान, फिरत व मुरकी इत्यादि पर्याप्त सामग्री है । शब्द का प्रयोग केवल एक निश्चित भाव – प्रदर्शन और स्वर व राग को अलंकृत करने के लिये ही होता है । इसी कारण श्रेष्ठ ख्याल न बहुत छोटे न ही बहुत लंबे हुवा करते है । क्या विलंबित और क्या मध्य और द्रुतलय के ख्यालों मे दो दो पंक्तियां की स्थायी तथा अंतरा होते हुवे भी रचनाचातुर्य की अत्याधिक आवश्यकता होती हैं । राग की प्रकृति, उच्चारण, सरलता, लय तथा लड़ी बनाये रखते हुये शब्द का चयन करना होता है । यद्यपि काव्य की तरह क्रिया सदैव (Rhythm) नहीं करती परन्तु फिर भी वह गद्यात्मक भी नहीं हो जाती । गीत, चीज या बंदिश में सब से प्रधान स्थायी और उसमें भी प्रधान आरंभ की पंक्ति या मुखड़ा होता है । आरंभ की यह पंक्ति ऐसी रखी जाती है जो सारे गीत में सब से अधिक आकर्षण और राग को स्पष्ट करने वाली होती है । गीत के काव्य का प्रमुख भाव व राग के प्रधान स्वरसमुदाय जिनसे वह व्यक्त होता है उसमें आ जाते हैं । गीत के बाकी के भाग में उसी भाव को पुष्टि होती है । स्थायी के कायम हो जाने पर अंतरे का यह काम है कि, मध्यसप्तक के उत्तरांग और तार सप्तक के स्वर प्रधान हो । पर राग की आत्मा और भाव जो स्वर व शब्द से स्थायी में रखे गये हैं, उन्ही के पुष्टि हो । अंतरे पर इतना जोर न हो कि यह मालूम होने लगे कि, कोई नई दूसरी चीज ही गाई जाने लगी । उसके समाप्त होने पर कुशलता से स्थायी में मिलाया जाय । बंदिश व राग का स्थायी भाव ही बढाकर उसी को शब्दों व स्वरों द्वारा अंतरे में सजाया जाता है । इस प्रकार एक बंदिश में एक

(Central Base) यानि स्थायी-भाव ही होता है, उसी को अंतरे से सजाया जाता है। स्थायी व अंतरे का सामंजस्य व समन्वय अत्यंत आवश्यक होता है और तभी सारी बंदिश एक (Homogeneous Organism) की भांति निर्मित होती है।

वाद्य संगीत में सितार व सरोद में बजने वाली गतों का भी ख्याल रचना के इन्हीं तत्वो को ग्रहण कर निर्माण किया गया। केवल वाद्य की शैली के अनुसार गीत के शब्दों के स्थान पर लय में पिरोये हुवे दा, रा, दिर, द्रार, दार इ. (syllables – अक्षर) डाल दिये गये। यद्यपि इन गतों में मिज़राब का प्रयोग लय निर्मिति में ही अधिक सहायक होता है फिर भी गतों के कुशल रचनाकार स्वरलालित्य भी बताये रखते हैं। कुछ कुशल वादक तो गतों के स्थान पर वाद्य के लिये अत्यंत कठिण जानेवाली गायकी की चीजों को बजानें में भी सफल हैं। ख्याल के समान इन गतों में भी राग निर्मिति के लिये स्थायी, अंतरा ऐसे दो भाग होना आवश्यक है। यदि आज कुछ गतें केवल एक पंक्ति की स्थायी की प्रचार में हों तो उनको सर्वथा अपूर्ण ही कहा जायगा।

गायकी की बंदिश या बाज की गत मे अपनी अपनी रीति से राग में बिखरी हुई सुंदरता को लय की मर्यादा में एकत्र कर सुरक्षित किया जाता है। यदि गायक-वादक वर्ग उनकी उपेक्षा कर केवल उनके मुखडे पर गा बजा-कर रंजना उत्पन्न करना चाहे तो वह उनकी अयोग्यता ही प्रदर्शित करेगा। आज गायन तथा वादन दोनों ही में एक वर्ग ऐसा ही कर रहा है, इस का परिणाम न केवल उनके प्रदर्शनों पर वरन् स्वयं रागदारी संगीत पर भी अत्यंत घातक पडेगा।

राग 'दीपक'

(लेखक : **श्री. बी. पी. कौशिक,** एम. ए., संगीत प्रवीण, जलन्धर

[श्री. भानुप्रकाश कौशिक लखनऊ के भातखंडे संगीत महा-विद्यालय में ६, ७ वर्ष संगीत की शिक्षा पा कर भातखंडे संगीत विद्यापीठ की "संगीत विशारद" परीक्षा उत्तीर्ण किये हुए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से भी आप एम्. ए. उत्तीर्ण किये हुए हैं। "संगीत विशारद" उतीर्ण कर के आप कई वर्ष मेरठ में "संगीत समाज कॉलेज ऑफ हिंदुस्थानी म्युझिक" के प्रधानाचार्य रहे। आजकल आप "ऑल इंडिया रेडिओ" जलंधर, में "म्यूझिक प्रोड्युसर" हैं। — *संपादक*]

चाहे कोई संगीत में रुचि रखता हो अथवा नहीं परन्तु दीपक राग सुनने को सभी की इच्छा बनी रहती है। उसका कारण इसकी मनोरंजक दंतकथाएँ हैं जो प्रतिदिन इधर उधर सुनने को मिलती है। आज भी लोग इस राग का चमत्कार देखने को लालाचित रहते हैं। तानसेन ने किस प्रकार इस राग को गा कर चिराग़ जला दिये, इसको प्रत्यक्ष देखने की इच्छा आज भी ज्यों की त्यों सब के मन में बनी हुवी है। परन्तु आज तक कोई गायक ऐसा नहीं मिला जो इस रहस्य को खोल कर जनता के भ्रम को दूर कर सके।

कुछ लोग कहते हैं कि तानसेन का महत्व बढ़ाने के लिये ही ये किस्से गढ़े गये हैं। कुछ भी हो इन कल्पनाओं को एकदम झूट नहीं कहा जा सकता है। —यदि विज्ञान की दृष्टि से देखा जाय तो सब कुछ सम्भव है। संगीत ध्वनि (sound) से बनता है और वैज्ञानिक लोग ध्वनि को एक शक्ति (Energy) मानते हैं। ध्वनि में बहुत कुछ चमत्कार दिखाने की शक्ति है। इसका व्योरा भौतिक शास्त्र पर लिखी गई पुस्तकों में मिलता है कि जोर का ध्वनि होने से पहाड़ों के

टुकड़े टूटटूट कर गिर गये और बर्फ़ के ढेर के ढेर नीचे आ गिरे।

विज्ञान के अनुसार दीपक राग का अस्तित्व दो शक्तियों पर आधारित है—ध्वनि(Sound) और ताप (Heat)। ध्वनि की गति (Velocity of Sound) पर तापक्रम (Temperature) का बड़ा असर पड़ता है। तापक्रम बढ़ने के साथ साथ ध्वनि की गति भी बढ़ती है। गति के नियंत्रण से तापक्रम घटाया बढ़ाया जा सकता है तो चिराग़ भी जलाया जा सकता है।

अपने पुराने संगीत ग्रंथों में इस राग का कोई ऐसा चमत्कार तो नहीं मिलता, हाँ उनमें कहीं कहीं स्वर और इस राग के नियम अवश्य लिखे मिलते हैं। बिलावल और पूर्वी इन दो ही थाटों में इस राग को माना गया है। दोनों प्रकारों का वर्णन इस प्रकार है।

दीपक — बिलावल थाट

यह एक रात्रि में गाया जानेवाला राग है। यह बिहाग और झिंझोटी रागों के संयोग से बना है। इसका विस्तार अधिकतर मन्द्र और मध्य सप्तक में होता है। वादी स्वर गंधार है। कोई २ गुणी लोग षड्ज को वादी मानते हैं। आरोह में रिषभ स्वर वर्ज्य है। आरोह में शुद्ध निषाद और अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग होता है।

उठाव

सा, नि़धप़, ध़मप़, नि़सामग, रीसा, गमप मपग, रीसा।

आलाप — स्थायी

(१) सा, गमप, गरीसा, गमप, धप धमप, ग, सागमप, गरीसानि़धप़, ध़मप़नि़, साग, रीसा।

(२) सा, गमप, धप, गमपध, पनि़धप, मपग, गमपनिसां, नि़धप, मपग, सागमप, गरीसानि़धप़, मप़नि़सा, मगरीसा।

आलाप–अंतरा

(३) मपनिनिसां, मपध, मपनिनिसां, पनिसांमंगंरींसां, सांनिधप, पधपनि़धप, मपग, सागमप, गरीसा।

दीपक–पूर्वी थाट

यह राग सायंकाल में गाया जाता है। इसके आरोह में रिषभ और अवरोह में निषाद स्वर वर्ज्य हैं। वादी स्वर षड्ज और संवादी पंचम है। कोई कोई गुणी लोग वादी स्वर पंचम और संवादी षड्ज मानते हैं।

उठाव

सारीसा, गप, प, ध़प, मध़प, निसां, पग, पग, रीरीसा।

आलाप–स्थायी

सारीसा, गमंगरीसा, प, प, मंग, पग, रीरीसा, ध़ध़पमंप, गरीसा, ध़नि़सा, नि़, निरीसा।

(२) प गमंप, ध़ध़प, मंग, पमंग, सागमंध़, मंगप, ध़मंग, मध़प, निसा, पग, रीरीसा।

आलाप–अंतरा

(३) प, मध़प, सां, निरींसां, सांनिरींसां, गंमंगंरींसां, पग, पग, रीरी, निरीसा॥

हिंदुस्थानी संगीत में ताल का स्थान तथा महत्व ।

लेखक – **बाबुभाई बैंकर,** बंबई

गाना, बजाना, नाचना ये हिंदुस्तानी संगीत के तीन मुख्य अंग हैं । थोडे में हमको यही समझना चाहिए कि गाना, बजाना, नाचना इन तीनों कलाएं संगीत में गिनी जातीं है । इन तीनों कलाओं में ताल का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है । इन तीनो कलाओं के प्रयोगों में ताल की आवश्यकता इतनी महत्त्वपूर्ण है कि यदि ताल का उपयोग न किया हो तो हिंन्दुस्तानी संगीत शुष्क, निर्जीव एवं बेकार हो जायगा । वरन् यही कहना होगा कि बिना ताल का संगीत संगीत ही नहीं कहलायगा ।

तालका इतिहास :—

हमारी संगीत में ताल और लय एक दूसरे से जुडे हुए हैं । सूक्ष्म बिचार करने पर 'ताल' और 'लय' संगीत में इतने आपस में मिले हुए हैं कि कभी कभी उनको अलग करना असंभव ही हो जाता है । इस बात पर आगे बिचार करेंगे । ताल को Rhythm कहते है, और हर एक देश को ताल का आश्रय लेना पडता हैं । "तालशास्त्र" तथा "लयशास्त्र" की उत्पत्ति "छंद:शास्त्र" में से हुई होगी यह मेरी मान्यता है । क्यौं कि कविता, काव्य, श्लोक की रचना के लिये छंद का ज्ञान आवश्यक है । अर्थात् छंद के ज्ञान का उपयोग कर के कविता बना कर उसको गाना होता है । गाने के लिये स्वरज्ञान तथा ताल ज्ञान दोनों होने चाहिए । इसपर से हम लोगों कीं अनुमान निकालने के लिये वस्तु प्राप्त हो जाती है कि छंद के साथ ही साथ ताल का ज्ञान भी मनुष्य के मन में जागृत हुआ होगा । छंद का निर्माण किसनें किया इस बाबत बहुत मत भेद हैं । श्री. सीताराम चतुर्वेदी के "अभिनव नाट्य शास्त्र" में वे लिखते हैं कि "इससे प्रायः यही माना जाता है कि लौकिक छंदों का आविष्कार महर्षि वाल्मीकीनें ही किया । " आगे कहते हैं "किन्तु वाल्मीकि रामायण के आधुनिक टीकाकार श्री रामानुज यह नहीं मानते । उनका कहना है कि वाल्मीकि से पहले भी लौकिक छंदों का प्रयोग हुआ करता था । परंतु यदि हम वेद को ही सर्व प्राचीन ग्रंथ मान ले तो हमें यह समझने में कोई आपत्ति नहीं होगी कि छन्द का महत्त्व लोगों नें बहुत पहले समझ लिया और वैदिक या ऋषि-ओ नें उसी रूप में मंत्रो के दर्शन भी कर लिये थे । "

इसपर से हम लोक समझ ले सकते हैं कि छन्दों का अविष्कार बहुत प्राचीन समय से हुआ है । इस को देखते हुए, ताल की उत्पत्ति भी बहुत पुरानी होगी यह अनुमान निकल सकता है । छन्द:शास्त्र में भी छन्द रचना मात्रा, एक मात्रा, दो मात्रा, इत्यादि मात्राओं की रचनाएं कही गयीं हैं । इस शास्त्र की परिभाषा में भी मात्रा, लघु, गुरु, सम, विषम, इत्यादि शब्दों का आश्रय लिया हुआ है ।

कुछ लोग मानते हैं कि ताल की उत्पत्ति भगवान शंकर शिव नें की, ताल तथा संगीत के, भगवान शंकर आचार्य थे । श्री धनंजय "दशरूपक" में आरंभ में ही लिखते हैं कि "महादेवजी नें तांडव अथवा उद्धत नृत्य तथा पार्वतीजी नें लास्य अथवा कोमल नृत्य किये ।

संगीत की उत्पत्ति की कथा भाव प्रकाश में दसवें अध्यायमें "पुरा मनुर्महीपाल....यदिदं भारतवर्षे मनुना सुप्रकाशितम्" अर्थात् मनु नें अपने पिता सूर्य से प्रार्थना की कि "ऐसा कोई उपाय बताइए कि राज्य की चिन्ता-ओं से शांति मिले. तब सूर्य नें बताया कि ब्रह्माजी इसी प्रकार भगवान विष्णु के पास गये थे और विष्णु नें उनको भगवान शिवजी के पास भेजा । शिवजी नें नन्दी को

बुलाया **जिसने शिवजी के गंधर्व विद्या (संगीत) सिखाई थी** और कहा, ब्रह्मा को गंधर्व वेद का तत्त्व समझा दो। इस प्रकार संगीत की उत्पत्ति भगवान शंकर नें की यह बात हमारे शास्त्रों में कही गयी है। यहां विशेष ध्यान में रखने की बात यह है कि संगीत में गायन, वादन, नृत्य तीनों कलाएं गिनी जातीं है।

गुप्त वंश के राज्यकाल में भी संगीत उच्चशिखर पर था और कला तथा संस्कृति के लिये यह काल सुवर्ण युग समझा जाता है। (४ थी ६ ठी शताब्दि) पर उस समय किस प्रकार का संगीत था, अथवा तालवाद्य कौन से, किस प्रकार के थे उसकी जानकारी कहीं प्राप्य नहीं है। शिलालेख, शिल्पकला की मूर्तियां, इत्यादि पर से संशोधन करनेवाले विद्वान् उस समय के संगीत के इतिहास पर अमूल्य प्रकाश डाल सकते हैं यह मेरी मान्यता है। विशेषतया ४ थी से ६ ठी शताब्दि और तत्पश्चात ११ वी शताब्दि तक हिंदुस्तान के संगीत पर कुछ जानकारी मिल सकती है।

ताल के विषय पर पुराने ग्रन्थो में बहुत कम जानकारी मिलती है। ऐसी परिस्थिति में रहती हुई ताल की महत्ता और उसका स्थान (Importance of Tal created by traditional background) हम लोग समझ नहीं सकते। इसलिये कई शताब्दिओं का उल्लंघन कर के १३ वीं १४ वी शताब्दि तक हम लोगों को पहुंचना पडता है। इस प्रकार पीछले इतिहास के साथ शताब्दिओं के क्रमानुसार तुलना करते हुए आधुनिक ताल प्राचीन तालों के साथ किस प्रकार संबंधित है यह बात सोचने समझने के लिये साधन हम लोगों के पास नहीं है। इस बात पर यदि संशोधन हो जाय तो ताल के विषय पर हम लोगों का ज्ञान पर्याप्त बढ जाएगा यह मेरी मान्यता है। इतनी शताब्दिओं कों लांघ कर अवश हो कर मुझे इस महत्त्वपूर्ण विषय पर आगे बढना पड रहा है।

अल्लाहउद्दीन खिलजी के उदय में तुर्कस्तान के वतनी पर फारशी भाषा के उत्तम पंडित तथा कवि अमीर खुस्रो नाम के (इ. १२९५ से १३१६) हो गये। हिन्दुस्तान के संगीत के इतिहास में इन्होनें बहुत कुछ प्रगति पर कार्य किया है। उन्होनें हिंदी संगीत के साथ ईरानी संगीत का मिश्रण कर के नये राग एवं साथ साथ नये ताल भी बनाए। यह कहा जाता है कि दक्षिण की वीणा देख कर उन्होनें सितार का अविष्कार किया। कुछ लोग तो मानते है कि इन्होनें कौवाली गायन की प्रथा एवं तराना गायन की प्रणाली निर्माण की। मेरे बिचार से सितार पर गत-तोडों का बाज निर्माण होने के पश्चात ही तराने गाने की प्रथा का आरंभ हुआ होगा। इसलिये तराने की गायकी अमीर खुस्रो नें निर्माण की यह बात मैं नहीं मानता। तब भी यह सब इतिहास देख कर हम लोगों को यह बात, कि अल्लाह उद्दीन खिलजी के समय से हिंदुस्थानी संगीत में बहुत कुछ परिवर्तन होने लगा, मानने के लिये आधार मिलता है। कुछ लोग यह भी मानते हैं कि मृदंग को देख कर अमीर स्रो नें उसको दो टुकडों में विभाजित कर के तबला निर्माण किया। अमीर खुस्रो नें हमारे संगीत में (राग तथा तालो में) परिवर्तन किया हो तो यह भी मानना होगा कि आज का हमारा हिंदुस्तानी संगीत अल्लाह-उद्-दीन खिलजी के समय में परिवर्तन पाया हुआ संगीत ही है। इसमें भी समय समय पर आगे चल कर परिवर्तन होता रहा होगा जैसे कि ध्रुपद गायकी पीछे हट कर ख्याल तथा ठुमरी की गायकी अधिक लोकप्रिय हो गई। इसी प्रकार तालों के बोल, तबले के बाज, तालों के नाम इत्यादि में भी कुछ न कुछ रूपांतर हुवा ही होगा। फिर भी वास्तव में देखे तो चौताल, त्रिताल, झपताल एकताल इत्यादि ताल, जिनमें पुरानी संगीत रचनाएं आज भी गायी जाती हैं, बहुत प्राचीन समय के होंने चाहिए।

जिस प्रकार हम लोगों को पुराने प्रख्यात गायकों का इतिहास प्राप्त होता है वैसी पुराने मृदंगाचार्य, तबला वादन के आचार्यों के खलीफाओं का मिलता नहीं यह बात बहुत खेदजनक है। आदितराम (जूनागड के गुजराती) इ. १८ १६ में जन्म पाये हुए एक नागर जाति के गायक होते हुए उत्तम मृदंग वादनकार भी थे। उसी प्रकार कुदौसिंघ पखावजी (अलवर के) लगभग इ. १८५० में, श्री नाथद्वारा के प्रख्यात पखवाज वादन-कार शंकर लालजी भी लगभग इ. १८०० में हो गये और उन्होंनें "मृदंग सागर" नाम की पुस्तक लिख कर

वे अमर हो गये हैं। ऐसे ऐसे पीछले लगभग १००-१५० वर्षों के समय में गुजरे हुए मृदंगकारों के विषय में हम लोगों को कुछ जानकारी प्राप्त होती है और इससे पूर्व कौन कौन थे, उनके लिखे हुए पुस्तक इत्यादि हों तो संशोधन करने पर हमारे संगीत को बहुत लाभ पहुंचेगा और बर्सों की टूटी हुई ताल–लय की लडियाँ (Missing links connecting the old and new techniques of Tal and Laya) मिल जाऐंगी।

हिंदुस्तानी संगीत में ताल के महत्त्व एवं स्थान के संबंध में कुछ कहने से पहलें ताल क्या वस्तु है सो जानना आवश्यक है। 'ताली' शब्द से 'ताल' शद्व की उत्पत्ति हुई ऐसा बहुत लोग मानतें हैं। कविता में जिस प्रकार "अमुक वर्णयुक्त छंद" होते हैं उसी प्रकार "अमुक मात्रा युक्त" ताल कहलाता है। कोई एक गायन अथवा पद्य जिसको संगीत की भाषा में 'चीज' कहते हैं उसकी आरंभ की पंक्ति को शुरू करने के स्थान एवं समाप्त करने के स्थान को हिंदुस्थानी संगीत में बांध दिया जाता है। कविता के वर्णों की भांति १० वर्णोंपर १० तालीयां बजा कर उनको संगीत की भाषा में मात्रा कहते हैं।

उदाहरणार्थ किसी एक चीज में १० वर्ण हैं पर शेष ६ आकार हो तो जिस प्रकार छन्दों की भाषा में वर्ण कह जाते हैं, संगीत की भाषा में उनको मात्रा कहते हैं। इस प्रकार आधुनिक हिंदुस्तानी संगीत में चार मात्रा से ले कर सोलह मात्रा तक के बने हुए ताल आज प्रचलित हैं। थोडे में कहें तो ताल यानि एक अथवा अनेक स्वरों से रची हुई चीज कों, गत को, (वाद्य पर बजनेवाली रचना को गत कहते हैं) तथा नृत्य को एक वर्तुल में "आरंभ तथा अंत" दिखाने के लिये बंधे हुए नियम को ताल कहते हैं। हाथ से ताली बजा कर ताल दिखाने की प्रथा लोक संगीत में एवं सामूहिक गायन में देखने में आती है। यह प्रथा बहुत पुरानी है। समूह गायन, लोकगीत गाने के लिये प्रत्येक पात्र ताल में रह कर गावें तो ही गीत में आते हुए स्वरों पर जो जो शब्द बंधे हुए हैं उनपर कायम रह सकता है। यह नियम हिंदुस्तानी संगीत में ध्रुपद–धमार गायकी गाने में आज दिन तक प्रचलित है। लोक संगीत में से निकाला हुआ (मनुष्य में रचा हुआ संगीत) हमारा शास्त्रीय संगीत – प्रारंभिक काल में अथवा कई सदीओं तक – गाया गया होगा – तब तक ताली दे कर ही उसको गाने का नियम रहा होगा।

ताल का आरंभ तथा अंत दिखाने के लिये एक विराम स्थान निश्चित किया हुआ होता है जिस को 'सम' कह कर पहचाना जाता है। हर एक ताल में उस ताल में निश्चित मात्रा-संख्या का एक चक्र पूर्ण हो जाए अर्थात् एक पंक्ति पुरी हो जाए तब उसी प्रकार उसके आगे की पंक्तियां निश्चित मात्रा-संख्या के अनुसार (मात्रा-संख्या पुरी कर के) आगे बढती है। ताल निर्जीव होने के कारण उसका आरंभ तथा अंत पहचानने के लिये ताल की लंबाई के अनुसार भिन्न भिन्न मात्रा-संख्याओं की रचनाएं अलग अलग दिखाते हुए आरंभ एवं पूर्णाहुति "सम" पर रखने की प्रथा हिंदुस्तानी संगीत के अतिरिक्त और किसी भी दूसरी संगीत प्रणाली में देखने में आती नहीं। ताल का आरंभ एवं अंत पहचानने के लिये अथवा ताल का बीच का अथवा कोई और स्थान पहचानने के लिये तबला अथवा पखवाज के बजते हुए 'बोलों' के उच्चारण (आवाज) भिन्न भिन्न रख कर यह प्रणाली इतनी सुंदर बनायी गयी है की गायक, वादक अथवा नृत्यकार के लिये अपने अपने प्रयोग में वे स्वयम, ताल के संचालन में किस स्थान पर हैं वह समझने में कठिनाई न हो। यह प्रणाली हमारे हिंदुस्थानी संगीत में ही है। प्राचीन काल में यानि संगीत रचना के आरंभ काल में, संभवत: मनुष्य नें एक ही प्रकार से बजते हुए (आजकल के नक्कडे के समान) ताल वाद्य के बोल रचे होंगे। पर समय बीत ने पर कठिनाई, एक ही प्रकार की ध्वनि सुनते हुए आने-वाली ऊबक, सौंदर्य इत्यादि के कारण बोलों में परिवर्तन हुए होंगे। इस प्रकार ताल भी थोडे ही होंगे और धीरे धीरे नये नये ताल उत्पन्न होंगे हुए।

पूजा, विवाहादि मंगल प्रसंग पर बजती गाजती सवारियों में शहनाई, तुरई, ढोल आदि रहते थे। यह प्रथा बहुत पुरानी है पर उसमें एक विशेषता यह है कि बिना ढोल के ताल के वे.न चलतीं थीं।

लय:— लय तथा ताल दोनों हिंदुस्तानी संगीत में आपस में इतना निकट संबंध रखते हैं कि लय क्या वस्तु है उसको अलग से जानना अत्यंत आवश्यक है। मेरा नम्र अभिप्राय है कि हिंदुस्तानी संगीत में ताल की अपेक्षा लय का स्थान अधिक महत्वपूर्ण है। हम लोक कहते ही हैं कि " लय में गाना ", न कि " तालमें गाना "; यह भी हम लोग कहते हैं कि " अमुक उस्ताद लयदार है " न कि " अमुक उस्ताद तालदार है "

ताल निर्जीव है। कविता की (शब्द रचना की) लंबाई " रचना कितनी छोटी, कितनी लंबी है " यह नापने के लिये ' ताल ' यह एक संज्ञा है। चार मात्रा से ले कर अनेक मात्रा (१०० मात्राओं के ताल बंधे हुए हैं ऐसा तबले के उस्ताद लोग कहते हैं) तक के ताल बन सकते हैं। ताल के अंदर रहती हुई मात्राएँ पहचानने के लिये अलग अलग बोल (आवाज) देख कर ताल बजाया जा सकता है। पर जब तक लय ताल में रहती हुई मात्राओं को गति-रूप जीवन न प्रदान करें तब तक ताल निर्जीव एवं नीरस रहेगा। तात्पर्य ताल में प्राण डालने वाली क्रिया लय है।

अतिविलंबित, विलंबित, मध्य, द्रुत, अतिद्रुत इन पांच प्रकार की लय आज हिंदुस्तानी संगीत में प्रचलित है। प्राचीन काल में तीन प्रकार की लय प्रचलित थी। अत एव प्राचीन शास्त्रकार १ विलंबित २ मध्य ३ द्रुत ये तीन लय की क्रियाएं समझाते थे। मनुष्य नें निर्माण किया हुआ संगीत पुराना हो तो ही अच्छा, नया बना हुआ हो तो खराब, ऐसी भ्रांति मूलक मान्यता रखते हुए हम लोग संगीत सुनते होते, तो पुराना संगीत सुनते भी नहीं। जिस प्रकार मनुष्य जाति समय समयानुसार अपना पहनाव, रीतभात बदलते रहते हैं उसी प्रकार संगीत भी हम लोग परिवर्तनशील, प्रगतिमान, देखते हैं। ऐसे होते हुए भी सैंकडों, हजारहों, वरन् लाखों वर्षों से चलते आये हुए संगीत में लय की क्रिया में परिवर्तन हम लोग कर सके नहीं।

हिंदुस्तानी संगीत तालप्रधान एवं साथ साथ लय-प्रधान संगीत भी है। संगीतकारों नें लय की गति, लय की जात, लय के प्रकारों द्वारा हमारे तालों को भूषित किया है। लय अपने चमत्कार दिखाती है तब अपना संगीत खिल उठता है, चमक उठता है।

संगीत में रहते हुए तीन अंगों [जैसे कि गायन, वादन तथा नृत्य] के होने के कारण गायन में ताल के स्थान तथा महत्त्व पर प्रथम विचार करेंगे।

हमारी गायन कला में ताल कुछ अनोखा एवं अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। हर एक प्रकार की शारीरिक क्रिया–जैसे कि चलना, बैठना, खडे होना, दौडना, बोलना, गाना इत्यादि ताल में (एक गति में यानि व्यवस्थित लय में) करने से ही सुंदर लगते है। क्षण में धीमी गति में, क्षण में द्रुत गति में, करने से ये क्रियाएं बेढंगी लगती हैं।

गायन प्रयोग के लिये उपर कहे-हुए के अनुसार हिन्दु-स्थानी संगीत में चीजों को ताल में बांध दिया गया है। इस से गायक पर एक बंधन रहता है। हमारा संगीत स्फुरित होते हुए भी कुछ हद तक बंधा हुआ भी है। बंधा हुआ संगीत यानि संगीत की भाषा में " बंदिशवाला संगीत " कहलाता है। पुराने गायक तानसेन, सदारंग, अदारंग मनरंग, बैजूनायक अपने अपने ध्रुपद ख्याल बना कर गये हैं। ये चीजें, आज अपनी मौलिक स्थिति में जीवीत हैं इसका कारण हमारी सताल गाने की परंपरा ही है।

बंधी हुई चीजें ही वंशपरंपरा द्वारा, एक गायक से, दूसरे को दूसरे से तीसरे को बाप से बेटे को, गुरू से शिष्य को इस प्रकार ये स्वरबद्ध एवं तालबद्ध चीजें पुश्त ब पुश्त पहुच कर गाई जातीं रही हैं। एक वख्त निश्चित की हुई चीजों में आये हुए शब्दों पर निश्चित स्वर निश्चित मात्राओं पर आते हैं। तानसैन के समय में ग्रामोफोन रेकॉर्ड, टेप रेकॉर्डींग, वगैरह साधन होते तो आज हमलोगों को उस समय के संगीत के इतिहास का परिचय प्राप्त होता।

हिंदुस्तानी संगीत में तालका महत्त्व पूर्ण स्थान।

१· सम। २· खाली। ३ अन्य स्थान।

४· चीज की बंदिश शुद्ध रहे।

५· चीजें भिन्न भिन्न तालों में गायी जाने से उबक नहीं आती।

६. ताल में प्राणरूप रहती हुई लय को भिन्न भिन्न गतिओं में बदल देने से एक चीज अनेक प्रकारों से गायी जा सके जिससे प्रस्तार की भावना पुरेपूर रख्खी जाय। अब उपर बतायी हुई वस्तुओं का विस्तारपूर्वक निरीक्षण करें।

१. २. ३. किसी अन्य देश के संगीत में सम, खाली और अन्य विभाग नहीं होते हैं। अन्य देशों की संगीत में ताल तो रहता है। अंशतः सम की कल्पना भी रहती है। पर यह सम बार बार आती रहती है जिससे वह नीरस लगती है। हमारी संगीत में जैसे कि त्रिजाल में रहतीं हुई १६ मात्राओं में १ ली मात्रा 'सम' माने तो ९ मी मात्रा खालीं मानी जाएगी, हर चार चार मात्राओं पर ताली यानि ताल देने का प्रबंध इस ताल में है। १ ली मात्रा पर, अर्थात् सम की मात्रा पर आने के लिये ९ वीं मात्रा, जिसको हम लोग खाली कहते हैं, मार्गसूचक अथवा मार्गदर्शक-रूप में एक प्रकार से द्वारपाल का कार्य करती है। अधिक तर तालों में चीज के आधे भाग पर—यानि खाली के भाग पर चीजों के मुखडे को आरंभ होता है। मुखडे को आरंभ करनेवाले शब्द तथा स्वर की जगहें हाथ में आने पर सम पर आना सहल हो जाता है। ३. नियुक्त की हुई मुखडे की जगह जो त्रिताल में ९ मी मात्रा होती है उसके बजाए दूसरी कोई जगहें—मुखडे को लय में बदल करते लंबा छोटा करके — सम पर गायक आवें तो किये हुए परिवर्वन के कारण गायन सुशोभित हो जाता है। हमारा संगीत स्फुरित होने के कारण इस प्रकार के परिवर्तन न किये जाएं तो संगीत प्रयोग नीरस तथा निष्फल हो जाएगा। इस प्रकार के ताल एवं लय के परिवर्तन जिस संगीत में किये जा सकते हैं वैसा संगीत पूरी दुनिया में हिंदुस्थानी संगीत ही है। कर्नाटकी संगीत में आरंभ से अंत तक चीज एक ही एक दशा में बंधी हुई रहती है।

स्फुरित संगीत होते हुए भी अमुक राग में अमुक स्वरों में बंधी हुई चीजों में रागको शुद्ध रखते हुए तौल में आती हुई १६, १०, १२, ७, १४ इत्यादि भिन्न भिन्न मात्रासंख्याओं की लंबाई बराबर रख कर सम पर कायम रहना यह एक कठिन कार्य है। अत एव हमारा हिंदुस्तानी संगीत कर्णप्रिय है, क्यों कि उसके भीतर रहती हुई कठिनता से श्रोतागण परिचित रहते हैं। मात्रा मेल के अनुसार बंधी हुई चीज अपने शुद्ध रूप में रह सकती है। इसलिये हम लोग देख सकते हैं कि मात्रा मेल तथा स्वर मेल प्रणाली में ताल में बंधा हुआ न होता तो हमारा संगीत कब का मिट जाता। इसी के कारण युरोपिअन संगीत की भांति हमारा संगीत लिख्खा नहीं जा सकता था। नोटेशन पद्धति हमारे संगीत में प्रविष्ट होते हुए भी केवल नोटेशन हमारी पुरानी चीजों में रहतीं हुई खुबियां व्यक्त कर सकती नहीं।

ताल की उबक भरी हुई स्थिति हमारे हिंदुस्तानी संगीत में नहीं है। हमारी संगीत में प्रचलित तालों में इतनी विविधता है कि एक ही एक राग भिन्न भिन्न तालों में गाने से भिन्न भिन्न प्रकार का रस आता है। हर एक ताल की मात्राओं के स्थान किसी दूसरे ताल के स्थानों से भिन्न होने के कारण एक ही एक राग में भिन्न भिन्न चीजें नावीन्य उत्पन्न करतीं हैं।

केवल बारह स्वरों में बंधा हुआ, और उसमें भी भिन्न भिन्न राग बनने के कारण, उनसे भी कम स्वरसंख्या हो जाने के कारण संगीत में प्रयोग करते समय स्वरसंचार-रागविस्तार के लिये मर्यादा बहुत संकुचित होना स्वामाविक ही है। एक ही स्वर, लय के फेरबदल से अलग अलग रूप ले सकता है। चार अथवा उनसे भी अधिक स्वर एक ही मात्रा में एक के पश्चात् एक ऐसे क्रमशः उच्चारण करने पर 'तान' उत्पन्न होती है। उसका मूलतत्त्व देखें तो एक मात्रा में रही हुई काल मर्यादा में दुसरी छोटी मात्राएं उच्चारण करने पर तान का रूप उत्पन्न होता है। ऐसी तानों से भरपूर संगीत क्वचित् हि दूसरे देशों में देखने में आता हो। ऊपर लिखी हुई क्रिया के विपरीत क्रिया की जाए अर्थात् अनेक मात्राओं की कालावधि तक एक ही स्वर उच्चारण किया जाए तो "आलाप" का स्वरूप उत्पन्न होता है। इस प्रकार ताल में रहती हुई लय का उपयोग करने पर आलाप, जोड अंग, पलटा, तान इत्यादि प्रकार से प्रस्तार के भिन्न भिन्न रूप उत्पन्न किये जा सकते हैं।

अब वादन में ताल के स्थान एवं महत्त्व पर बिचार करेंगे। बिना शब्द के, बिना कविता के पर स्वर तथा लय में बंधा हुआ वाद्य-संगीत हमारे संगीत में आश्चर्य जनक प्रभाव आज कल दिखा रहा है। वाद्यसंगीत में उपयुक्त वाद्य सितार तथा सरोद आधुनिक संगीत में अग्रगण्य स्थान रखते हैं। कर्नाटक संगीत में व्हायोलीन आज प्रमुख स्थान पा रहा है। हमारे संगीत में अच्छे अच्छे व्हायोलीन बजाने वाले हैं। तो भी मेरे बिचार से यह वाद्य हमारे संगीत को पूर्णतया व्यक्त नहीं कर सकता। आज कल इस वाद्य में तांत के बजाए तार का उपयोग किया जाने के कारण व्हायोलीन टीन की भांति कर्कश बोलता हो ऐसा लगता है। आवाज़ की गोलाई जो हमारे संगीत में रहती हुई मींड के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है सो व्हायोलीन में नहीं होती। इसी के कारण मानो व्हयोलीन श्रोतागण को प्रिय नहीं लग रहा है।

तंतुवाद्य उस की नैसर्गिक अवस्था में कर्णप्रिय लगता है। उस पर बजाए जाते हुए घसीट, मींड़, गले की खूबीयों को अंशत: व्यक्त कर सकते हैं। आलाप, जोड़काम, इत्यादि तंतुवाद्य पर बहुत अच्छी तरह बज सकते हैं। हिन्दुस्तानी संगीत में गाई जाती हुई चीजों के स्थान पर वाद्यपर (सितार – सरोद पर) गत बजाने की प्रथा है। यह प्रथा इतनी तेजस्वी है की हमारे ही राग, हमारे ही तालों में बजते हुए भी, यदि बजानेवाला सुरीला हो तो बहुत मधुर लागते हैं। तंतुवाद्य बजाने के लिये बर्सों की मेहनत अथवा तपस्या की आवश्यकता है। फिर भी जिस प्रकार गले में आलाप तथा तान के प्रकार निकलते हैं वैसे तंतुवाद्य पर सफलता पूर्वक निकल नहीं सकते। इस में सारंगी भी बहुत कुछ हार खा जाती है। सारंगी पर तैयारी की तान सुरीली नहीं निकल सकती। अतएव हर एक वाद्य कुछ हद तक बजाने में हि आनंद आता है यह बात माननी पडे गी। तात्पर्य "वाद्यों में न्यूनता है" कहें तो गलत न होगा। इस न्यूनता को दूर करने के लिये प्रथमत: ही सितारवादनकार गत-तोडों का आश्रय लेते हैं। 'सैनिये' नाम का एक घराना सितार बजाता था, और उसमें धुपद अथवा चीजें बजाने की प्रथा थी। वे लोग लय-ताल के खटपट में नहीं पडते थे। यह प्रकार प्रिय न लगने के कारण आज कल सुनने में नहीं आता। श्रोताओं का मन हरण करने के लिए तंतु वाद्य बजाने-वालों नें लय ताल का आश्रय लिया है। लय के भिन्न भिन्न चमत्कार, तिहाई, परण, तोडा इत्यादि ताल में रहती हुई 'लय' के भिन्न भिन्न प्रकार हैं। वास्तव में तबले पर बजते हुए और जंचते हुए ये प्रकार तंतकारों नें भी अपना लिये और अनुकरण की प्रथा के प्रभाववश गायन में भी तिहाई वगैरेह घुसने लगे हैं। तंतवाद्य बजाने की कला भी स्फुरित हो ने के कारण प्रयोग के समय ताल-लय का आश्रय लिया जाता है, और आज कल के आते अनुभव से यही लगता है कि हिंदुस्तानी संगीत में तंतु वाद्य बजाने का, सुनने का एक नया ही जुग जग गया है। वाद्य संगीत कण्ठ संगीत की अपेक्षा अधिक लय-प्रधान है यह बात मानें तो गलत न होगा।

नृत्य में ताल का स्थान और महत्त्व:—

पहले कह चुके हैं उसके अनुसार नृत्य संगीत का निर्माण महादेवजी नें किया था। पीछले जमाने में प्रख्यात नृत्यकार कौन थे उन के संबंध में हमलोगों को कुछ भी जानकारी नहीं मिलती। भरत नाट्यशास्त्र और अन्यान्य ग्रंथ देखने पर विदित होता है कि प्राचीन काल में नृत्य का महत्त्व था। भगवान् शिवजी का तांडवनृत्य तथा देवी पार्वती का लास्य नृत्य अभी तक आज कत्थक-लोक कर के दिखाते हैं। नटराज शिवजी की मूर्तियाँ, भिन्न भिन्न मुद्राएं तथा उनकी खडे रहने की कला के साथ स्थान स्थान पर देखने मिलतीं है। वे यही बतातीं हैं कि सारे हिंद में प्राचीन काल में नृत्य का प्रचार था। लगभग ५० वर्ष आज से पूर्व दक्षिण देश के मंदिरों में देवदासीयाँ रहतीं थी और वे संगीत कला में [गायन, वादन, नृत्य कला में] अत्यंत प्रवीण थीं।

किसी देश के इतिहास के लिये वहां की दंतक-थाओं का आश्रय लिया जाता है। रामायण महाभारत जैसे ग्रंथ हम पूजनीय मानते हैं, राम-कृष्ण को भगवान् कर के मानते हैं। वास्तव में राम तथा कृष्ण जैसे महा-पुरुष इस देश में हो ही गये होंगे। उसी प्रकार भगवान् शंकर जैसे भी हो गये होंगे, पर यह इतिहास बहोत ही

प्राचीन हो गया है जिसके कारण इन्होंनें किये हुए कार्यों को बहोतसे लोग दंतकथा के रूप में देखते हैं। ताल के इतिहास में दंतकथा का आश्रय लें तो कह सकते हैं कि शिवजी नें ताल की एवं संगीत की स्थापना की। भगवान् श्रीकृष्णा नें कालीनाग को नथ्थी कर के उसके एक फन से दुसरे फन पर नृत्य करते हुए गये उस समय नृत्यों का आरंभ हुआ। दूसरी एक दंतकथा कहती है कि देवों और दानवों नें अमृत निकालने के लिए समुद्रमंथन कर के अमृत पाने पर वे आनंद में आ कर नाचने लगे तब ही नृत्य की उत्पत्ति हुई। बौद्ध धर्म के ग्रंथो में भी नाटक प्रयोगों का नियम था और उस समय भी नाटको में नृत्य होते थे। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में नट, नर्तक, गायक, वादक वाग्जीवन (कथावाचक का व्यवसाय करनेवाले) कुशीलव (विशेषतया, नृत्य करते हुए गानेवाले) देखने में आते हैं। आगे चल कर इसी अर्थशास्त्र में "गीतवाद्यपाठ्यवृत्त नाट्याक्षर चित्रवीणावेणु मृदंग परचित्त ज्ञान....जीवंकुर्यात्॥" अर्थात राजाओं को चाहिए कि गणिका, दासी तथा रंगमंच पर अभिनय कर के जीवन-निर्वाह करनेवाली स्त्रियों के गायन, वादन, नृत्य, अभिनय — वीणा, वेणु तथा मृदंग सुंदर रीती से बजा सके-औसत कलाएं सिखाने के लिये आचार्यों कें प्रबंध करने के लिये खजाने में से व्यय करें। शुक्ल यजुर्वेद कीं "वाजसनेय संहिता" के तीसरे अध्याय में पुरुषमेध के प्रकरण में व्यवस्था बतायी है कि नृत्य (ताल लय के साथ नाचने) के लिये पात्र, गीत के लिये नट, धर्म पर व्याख्यान करने के लिये चतुर व्यक्ति, इत्यादि को नियुक्त करना चाहिए।

इस प्रकार प्राचीन ग्रंथों में नृत्य पर बहुत उल्लेख मिल जाते हैं। इस के अनुसार देखें तो नृत्यकला प्राचीन काल में लोकप्रिय हुई होगी इतना ही नहीं, वरन बहुत आगे बढी थी। जो जो कलाएं लोकप्रिय होती हैं वे आगे ही बढतीं है यह मेरी मान्यता है।

नृत्य के लिये ताल की आवश्यकता है इस बात पर दो मत हो ही नहीं सकते। इ. १३ वीं शताब्दि में मुगल राज्यों के समय में भी नृत्य को सुरक्षित रख्खा गया था। पर पीछली ६ शताब्दियों में कालिका बिंदादीन के अतिरिक्त कोई नृत्यकार हुए हों तो वह जानने योग्य इतिहास मिलता नहीं। इसके विषय में भी संशोधन करने पर ताल लय के संबंध में जानने योग्य सामग्री मिल सकेगी।

दक्षिण में (कर्नाटकी संगीत में) चलती आती हुई तथा प्रश्न वर्तमान काल में प्रचलित ताल–लय के प्राणरूप, उपयोग में आनेवाली लय की प्रथा हमारे (हिंदुस्तानी संगीताचार्य तथा गायक-वादक) कलाकार बहुत से भूल गये हैं जब कि हमारे कत्थक लोग और उनमें भी कालिका बिंदादीन के अनुयायी इस विषय पर पूरी जानकारी रखते हैं और इस ज्ञान का उपयोग अपनी नृत्य-कला में बेजोड रीती से दिखा सकते हैं। अतएव यदि हम सूक्ष्म बिचार करें तो कबूल करना पडेगा कि हमारे कत्थक लोग लय-ताल का ज्ञान पर्याप्त रखते हैं।

हमारे नृत्य में तबला-पखवाज पर निकलते हुए बोल जिन को "परीमलु" कहते हैं उन्हीके मुख से पढ कर पैर से घुंघरू पर निकालने की प्रथा है। इस इतनी बात पर से ही हम समझ सकते हैं कि ताल की आवश्यकता नृत्य में अत्यंत है। मेरे बिचार से हमारे संगीत में ताल की आवश्यकता सब से अधिक नृत्य में ही है।

ख्याल गायकी में ताल : —

ऊपर बताये अनुसार (पीछले ५० वर्षों से) ख्याल गायकी में अतिविलंबित गाने की प्रथा पडी हुई दिखाई देती ही है। और इसी भांति अतिद्रुत लय में गाने की भी प्रथा पडी है। विलायत हुसैन खां (आग्रा घराना) जैसे वृद्ध गायकों को पूंछने पर वे कहते हैं कि "हम कभी ऐसी लय में नहीं गाते थे" आग्रा घराने के स्तंभरूप गिने हुए स्व: फैयाजखां साहब भी मध्यलय में ही ख्याल गाते थे। जिन्होंनें खांसाहब फैयाजखां का लयबद्ध संगीत सुना होगा वे बेशक कह सकते हैं कि खांसाहब अपने गायन प्रयोगों में लय–ताल के चमत्कार पर्याप्त कर दिखाते थे।

ख्यालगायकी में तालका प्रभाव अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। क्यौं कि विलंबित एकताल, विलंबित झूमरा, विलंबित आडाचौताल, तिलवाडा इन सब तालों में गाने के लिये ताल में रहती हुई मात्राओं पर भिन्न भिन्न स्थान पर वजन

होते हैं। इस वजन को सादा बोली में "ताली" कहें तो चल सकता है। ख्याल गाते समय गायक राग का प्रस्तार, आलाप, तान इत्यादि करते हुए गाता जाता है और साथ साथ ताल का आश्रय लय द्वारा लेता हुआ गायन प्रयोग को समाधि रूप बना सकता है। ख्याल गायकी में आलाप (आलापों से भरा हुआ विस्तार विलंबित लय में गाने से स्वरों पर अधिक जोर देने से, स्वरों पर न्यास करने से आलापमय प्रस्तार किया गया जा सकता है) मींड़, घंसीट, इत्यादि का उपयोग करने के लिये हर एक मात्रा तथा मात्राओं के विविध अंशों को अपनी अपनी जगह कायम रखने के लिये ताल में रहती हुई गतिरूप लय का आश्रय लेना पडता है। पहले कह चुका हूँ उसके अनुसार मुखडों को सफलतापूर्वक सम पर समाप्त करने के लिये ख्याल में विलंबित लयमें, ताल में रहतीं हुई मात्राओं के अंशों का असंख्य रीतिओं से उपयोग करना पडता है। संसार में किसी भी संगीत में "मुखडे" की प्रथा नहीं है जो हमारे संगीत में है। इस लिये मुखडे अनेक रीतियों से लय-ताल में तैयार कर के रखने की प्रथा हिंदुस्तानी संगीत में ही है। स्फुरित संगीत होते हुए भी बंधी हुई चीजों में रहते हुए बंधे मुखडे अनेक रीति से गाने के कारण हमारा संगीत नीरस होने से बचता है। "मुखडों" को अनेक रीतियों से सम पर लाने की क्रिया में से, सम, विषम, अतीत, अनाघात इत्यादि प्रकार के प्रयोग हिंदुस्तानी संगीत में प्रचलित हैं। यूरोपीय संगीत में बहुत कठिन समझा हुआ off beat (ताल के विरुद्ध) का प्रकार देखने में आता है। पर इसी प्रकार को हमारे कलाकार बहुत ही सरलता से सफलतापूर्वक रीति से कर के बताते हैं। ताल के अंदर रहती हुई 'लयकारी' (लय की लपट झपट कर के दिखाना) एक छोटासा गणितशास्त्र ही है। और इस गणितशास्त्र का उपयोग गायक, वादक तथा नृत्यकार अपने बर्सों के परिश्रमों के अभ्यास कारण स्फुरित रीति से करते हैं।

हिंदुस्तानी संगीत में स्वरसाधना तथा लयसाधना करने के पश्चात् हि कलाकार प्रयोग के लिये योग्य समझे जाते हैं। साथ साथ स्वर तथा लय (ताल) का संयोग करना यह अवधान के समान क्रिया है। इस प्रकार का अवधान प्राप्त करने के लिये कलाकार को ध्यानग्रस्त (Concentrative) रहना पडता है। पुराने समय में हमारे गायक चीजें बना कर स्वर ताल पर कायम रहने की सूचना चीजों में ही देते थे जिसके कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं।

ध्रुपद, देशकार, झपताल, गायक: भूनू सोलन :–

(१) हे देवि परसाद दीजे अपने जनको।,
ताल नट खट ज्योत सुर सुमत॥
आरोही अवरोही स्थायी संचारी।
सप्त सुर तीन ग्राम पाऊं सकल मत॥
(मारिफुन्नगमातसे)

ध्रपद, केदार, चौताल, गायक मुन्नेखां लखनउ :–

(२) ताल सुरन की विद्या जानत जंजाल।
ओर जो सप्त धाए संगीत रतनागर केलाच
तिनहूं केला चलबल खरज दोत्तम बिचार॥
(मारीफुन्नगमात से)

ध्रपद, बिभास, चौताल, गायक : अब्बनखां, सहारनपुर :–

(३) बाज ध्यान आवत है बूंझूं धुनि आतम की है।
ठोंक, फूंक गमक मींड़ सुत बांट ग्राम की है।
अर्थध्यान आवत ही अनेक भांति अर्थ को।
नृत्य ध्यान आवत ही बूझत हूं बिसराम की है॥
(मारीफुन्नगमात से)

ध्रुपद, बहादुरी तोडी, सुलताल (श्री. व्ही. एन्. भातखंडे)

(४) अनुद्रुत विराम लघुगुरु प्लुत निशान।
मानत ताल अंग शास्त्र सुमत प्रमान।
सम बिषम अतीत ग्रह आगम।
द्रुत मध्य विलंबित भेद चतुर प्रमान।

इस प्रकार बहुत समय से सुर के साथ ताल का महत्त्व तथा स्थान पुराने कवि–गायक (Artists Composers) बता गये हैं।

